e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 59
बुधवार
01.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
सच्चाई सूरज के सामान है
इसे आप कुछ समय के लिए
छुपा तो सकते हो
लेकिन ये हमेशा रहता है..

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

अधिकतम 32°
न्युनतम 17°

## क्विक न्यूज

### झारखंड कैबिनेट की बैठक अब दो मार्च को

**रांची :** राज्य कैबिनेट की बैठक में एक बार फिर बदलाव हुआ है। एक मार्च को होने वाली बैठक को स्थगित करते हुए अब दो मार्च को निर्धारित की गयी है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया कि एक मार्च की शाम पांच बजे होने वाली मंत्रिपरिषद की बैठक अब गुरुवार दो मार्च की शाम पांच बजे या विधानसभा की बैठक के तुरंत बाद, जो भी बाद में हो, से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### पूर्वोत्तर में दो बार कांपी धरती

**मणिपुर :** पूर्वोत्तर में मंगलवार की सुबह महज पांच घंटे के अंदर दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। जहां पहला झटका मणिपुर के आसपास महसूस हुआ, वहीं दूसरे झटके ने मेघालय के तुरा की जमीन को हिला दिया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, पूर्वोत्तर में पहला झटका मणिपुर के नोनी जिले में महसूस किया गया। यहां भूकंप की तीव्रता 3.2 रही और इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। भूकंप अल-सुबह 2.46 बजे आया और इसका केंद्र जमीन से 25 किमी नीचे था। मेघालय में सुबह करीब 6.57 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। एजेंसी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र राज्य के तुरा से 59 किमी उत्तर में था। इसकी गहराई जमीन से 29 किमी नीचे रही। इन झटकों में भी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### जल्द होगी शिक्षकों की नियुक्ति : शिक्षा मंत्री

**रांची :** सदन में मंगलवार को झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि 10 प्लस 2 विद्यालयों के शिक्षकों की नियुक्ति पर सरकार गंभीर है। इसको लेकर सरकार ने एक कमिटी बनाई थी। कमिटी की रिपोर्ट के आधार पर यह विषय पदवर्ग समिति में गया है। वित्त विभाग और विधि विभाग से मंतव्य आने के बाद नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। विधायक मथुरा महतो ने सवाल किया था कि राज्य के 10 प्लस 2 विद्यालयों में राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाएं, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र एवं मानवशास्त्र विषयों के शिक्षकों की घोर कमी है। इस कारण छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में काफी कठिनाई हो रही है। विधायक जेपी पटेल के एक अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि पूर्व की सरकार ने अनुदानित कॉलेज को राशि देना बंद कर दिया था। हेमंत सरकार ने इसमें वृद्धि की है।

### प्लास्टिक गोदाम में लगी भीषण आग

**धनबाद :** धनबाद मे आग का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। महुदा थानान्तर्गत महुदा मोड़ चौक समीप स्थापित एक प्लास्टिक के गोदाम में भीषण आग लग गयी। देखते ही देखते आगलगी की यह घटना इतनी भयावह हो गयी की चारो ओर विकराल लपटें उठने लगी और धुँआ के उठे गुबार पुरे आसमान में छा गये। क्षेत्र में अचानक घटी आगजनी की घटना पर आसपास के क्षेत्रों में अफरा-तफरी मच गयी। आमलोग अपनी-अपनी जान बचाते घर-वार छोड़ भाग खड़े हुए। जबकि निकट के दर्जनों व्यवसायी दुकानदार जैसे तैसे अपनी दुकान खाली कर सारे माल को जहाँ-तहाँ लेकर भागने लगे। इस बीच स्थानीय लोगों ने घटना की सुचना पुलिस प्रशासन एवं अग्नि शामक-आपदा विभाग को दी। घटना की सुचना मिलने के साथ ही पहले जिला से दमकल की 4-5 गाड़ियाँ पहुँची पर लगातार बेकाबू हेते आग की लपटों के आगे वो नाकाफी साबित हुए। इस बीच उपस्थित डीएसपी निशा मुर्मू समेत महुदा, मधूबन समेत तमाम क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों ने आनन फानन में आग पर हर हाल में काबू पाने के लिये बोकारो जिला से दमकल की तत्काल 5-6 गाड़ियों को बुलाया। आगजनी के इस विकराल घटना पर काबू पाने के लिये पुलिस प्रशासन ने बीसीसीएल के मुनीडीह प्रबंधन को भी फोन कर टैंकरो से पर्याप्त पानी मुहैया करने का निर्देश दिया। बताया जाता है कि भीषण आगजनी के बौराये आग पर दमकल की लगी कुल 9 गाड़ियों ने लगभग चार घंटों बाद काबू पाया।

## राज्य के सभी डॉक्टर जाएंगे हड़ताल पर, सब कुछ रहेगा ठप्प

# आज डॉक्टरों की हड़ताल

### ➲ मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** एक तरफ राज्य में जी 20 की बैठक है। वहीं दूसरी तरफ डॉक्टरों पर हो रहे हमलों के कारण अपनी सुरक्षा की मांग को लेकर आगामी एक मार्च को पूरे राज्य में हड़ताल का ऐलान किया है। आईएमए और झारखंड चिकित्सा सेवा संघ ने कहा है कि अगर डॉक्टरों पर हमले और दुर्व्यवहार की घटनाओं पर सरकार ने तत्काल एक्शन नहीं लिया तो डॉक्टर बेमियादी कार्य बहिष्कार जैसा निर्णय लेने को बाध्य होंगे। इधर रांची के एक मशहूर ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ अंचल पर कातिलाना हमला हुआ। अज्ञात लोगों ने हमला कर उनका सिर फोड़ दिया। उन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। इस घटना के बाद आईएमए की झारखंड इकाई ने आपात बैठक बुलाई। इसमें आगामी 1 मार्च को कार्य बहिष्कार आंदोलन को शत-प्रतिशत सफल बनाने का संकल्प लिया गया। हाल में रांची के अलावा गढ़वा, जामताड़ा, धनबाद, बोकारो, लोहरदगा और हजारीबाग की घटनाओं पर विरोध जताया गया।



### ये है डॉक्टरों की मांग

आईएमए ने प्रस्ताव पारित कर कहा कि मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट और क्लीनिकल स्टैब्लिशमेंट एक्ट लागू करने और बायोमैट्रिक अटेंडेंस से डॉक्टरों को मुक्त रखने की मांग की। झासा (झारखंड हेल्थ सर्विस एसो) के अध्यक्ष डॉ पीपी साह ने कहा कि डॉक्टरों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं लगातार घट रही हैं। इसके विरोध में यह सांकेतिक आंदोलन है जिसको व्यापक स्तर तक ले जाया जायेगा। आइएमए रांची के अध्यक्ष डॉ शंभु प्रसाद ने बताया कि डॉक्टरों के साथ प्रताड़ना के केसेज बढ़ते जा रहे हैं। डॉ भारती कश्यप ने कहा कि मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट की मांग डॉक्टर लंबे समय से कर रहे हैं लेकिन सरकार इसपर ध्यान नहीं दे रही।

### ये है डॉक्टरों की मांगघटनाओं से भयाक्रांत हैं डॉक्टर

आईएमए की आपातकालीन बैठक गत 27 फरवरी को हुई थी। बैठक में कहा गया था कि झारखंड के डॉक्टर विभिन्न घटनाओं से भयाक्रांत और आक्रोशित हैं। बैठक में सहमति से निर्णय लिया गया था कि एक मार्च को आईएमए के सभी सदस्य एक मार्च को कार्य का वहिष्कार करेंगे। यह वहिष्कार 24 घंटे का रहेगा। आईएमए ने कहा कि लगातार हो रहे विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए चिकित्सा समुदाय गंभीर तनाव से गुजर रहा है। सरकार से किए गए बार बार लिखित पत्राचार के सी बावजूद भी कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। इस कारण आईएमए दुखी है।

### चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट जरुरी : सरयू



**रांची :** विधायक सरयू राय ने शून्य काल की सूचना पर सवाल उठाया है। सरयू ने कहा कि झारखंड में एक पखवाड़ा में चिकित्सकों पर हमला की घटनायें बढ़ी हैं। रांची के सदर थाना क्षेत्र के रहने वाले डा अंचल कुमार पर हमला ताज़ा है। इसके अलावा गढ़वा, हज़ारीबाग़, पेटरवार, जामताडा, लोहरदगा में चिकित्सकों के साथ बदसलूकी, गाली-गलौज, धमकी की वारदातें हुई है। चिकित्सक भयभीत, आक्रोशित है। चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए झारखंड में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की जरूरत है। मैं मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने के लिए समर्थन करता हूं।

### एक मार्च से झारखंड में डॉक्टरों की हड़ताल

स्टेट आईएमए के सेक्रेटरी प्रदीप सिंह ने कहा कि डॉक्टर एक मार्च को अस्पताल तो आयेंगे लेकिन परामर्श नही देंगे। हालांकि आपातकालीन परामर्श, पोस्टमार्टम और प्रसव की सुविधा बहाल रहेगी। डॉ सिंह ने कहा कि राज्य में डॉक्टर सुरक्षित नहीं हैं। गढ़वा सदर अस्पताल और राज्य के अन्य मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। हजारीबाग में डीडीसी ने मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभागाध्यक्ष को अपने कक्ष में बुलाकर लंबे समय तक खड़ा रखा और अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया। जामताड़ा में स्थानीय विधायक ने सिविल सर्जन के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया। बोकारो के पेटरवार में डॉक्टर अजय चौधरी के साथ मारपीट की गई और लोहरदगा में सिविल सर्जन को एक स्थानीय प्राइवेट हॉस्पिटल संचालक ने हाथ काट लेने की धमकी दी। असुरक्षा के ऐसे माहौल में डॉक्टर कैसे काम कर पाएंगे?

## सदन में गूंजा सरकारी नौकरियों में एसटी-एससी की हकमारी का मुद्दा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में आरक्षित कोटे की नौकरियों को साजिश के तहत खाली छोड़ने और बैक डोर से उन सीटों को भरने का मामला उठा. कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप, इरफान अंसारी और नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि एसटी-एससी के लिए आरक्षित कोटे की नौकरियों को साजिश के तहत अनारक्षित कोटे के अभ्यर्थियों को दिया जा रहा है. राजेश कच्छप ने कहा कि संविधान की धारा 16 (4) (बी) में प्रावधान है कि अगर किसी वर्ष आरक्षण कोटा नहीं भरता है, तो अगले साल की नियुक्ति में बैकलॉग को भरा जाएगा. अगले वर्ष अगर बैकलॉग 50 फीसदी से ज्यादा हो जाता है तो नियुक्ति अनिवार्य रूप से करना होगा. लेकिन कई विभाग यह कहकर आरक्षित कोटे के पद खाली छोड़ दे रहे हैं कि उन्हें योग्य अभ्यर्थी नहीं मिला. बैकलॉग से भी उन पदों पर नियुक्ति नहीं हो रही. धीरे-धीरे उन खाली पदों पर बैक डोर से बहाली की जा रही है. उन्होंने सरकार से इसकी उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की. इस पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि अगर विधायक ऐसा कोई विशेष मामला सामने लाते हैं, तो सरकार निश्चित रूप से कार्रवाई करेगी.


### निर्वाचन क्षेत्रों को बच्चों के अनुकूल बनाने की आवश्यकता है : रबिंद्रनाथ

**रांची :** यूनिसेफ झारखंड ने झारखंड विधानसभा के कॉन्फ्रेंस हॉल में बच्चों के अनुकूल निर्वाचन क्षेत्र निर्माण को लेकर विधायकों के साथ एक परिचर्चा का आयोजन किया। रवींद्र नाथ महतो, अध्यक्ष झारखंड विधानसभा, आलमगीर आलम संसदीय कार्य एवं पंचायती राज मंत्री, जोबा माझी, महिला एवं बाल विकास तथा सामाजिक सुरक्षा मंत्री, विधान सभा के 23 सदस्यगण ने भी इस कार्यशाला में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा, निर्वाचन क्षेत्रों को बच्चों के अनुकूल बनाने की आवश्यकता है और यह पहले उस दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है।

## एनकाउंटर में दो आतंकी ढेर

एजेंसी

**पुलवामा :** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में स्थित अवंतीपोरा इलाके में मंगलवार तड़के एक एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया. एक आतंकी की पहचान हो गई है. वह कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल था और पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के लिए काम करता था. इलाके में सुरक्षा बल घेराबंदी कर तलाशी अभियान में जुटे हैं. कश्मीर के एडीजीपी के अनुसार मारे गए आतंकवादी की पहचान पुलवामा के अकीब मुस्ताक भट के रूप में हुई है. उसने शुरुआत में हिजबुल मुजाहिदीन आतंकी संगठन के लिए काम किया था, आजकल वह टीआरएफ के साथ काम कर रहा था. वह कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल था. पुलिस के अनुसार घटनास्थल से आपत्तिजनक सामान



और गोलाबारूद बरामद किए गए हैं.पुलिस अधिकारी के अनुसार इस मुठभेड़ में सेना का एक जवान भी शहीद हो गया. गोलीबारी के दौरान घायल हुए जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया था. लेकिन इलाज के दौरान वह शहीद हो गया. जानकारी के अनुसार जवान ने 92 बेस अस्पताल में दम तोड़ दिया.

## सेल्स टैक्स ऑफिस के क्लर्क घूस लेते गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जमशेदपुर में सेल टैक्स विभाग के डिप्टी कमिश्नर ऑफिस के हेड क्लर्क सुबोध कुमार सिंह को 20 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।गोलमुरी निवासी संजय सिंह ने एसीबी से शिकायत की थी कि एसेसमेंट डिमांड नोटिस जारी करने के एवज में रिश्वत की मांग की जा रही है। जांच में मामला सही पाये जाने पर एसीबी की टीम ने हेड क्लर्क सुबोध को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। वहीं मंगलवार को एसीबी की टीम ने पूर्व प्लान के तहत सेल्स टैक्स ऑफिस के क्लर्क सुबोध सिंह को रंगे हाथों पकड़ा। जानकारी के अनुसार एसीबी टीम क्लर्क सुबोध सिंह को अपने साथ सोनारी स्थित कार्यालय ले ले गई जहां उससे पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया है।

## हमारी सरकार को लोग नए अवसर के तौर पर देख रहे हैं : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि पहले की सरकारों ने विकास नहीं किया था। उन्होंने कहा कि आज हमारी सरकार को लोग अवसर के तौर पर देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में अभावों में जिंदगी बीत जाती थी, लेकिन यह 21वीं सदी का भारत है। पीएम मोदी ने कहा कि लोगों की जिंदगी में सरकार का दखल वह दबाव कम हुआ है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का बदलता हुआ भारत टेक्नोलॉजी की ताकत से लगातार नागरिकों को सशक्त कर रहा है। बीते वर्षों में हमारी सरकार के हर बजट में



टेक्नोलॉजी की मदद से देशवासियों की ईज ऑफ लिविंग बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इस बार के बजट में भी टेक्नोलॉजी के साथ ह्यूमन टच को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि जनधन खाते, आधार और मोबाइल, इन तीनों के कारण करोड़ों गरीबों के खाते में सीधे पैसा भेजना संभव हुआ है। उसी प्रकार से टेक्नोलॉजी, आरोग्य सेतु और कोविन एप का महत्वपूर्ण साधन बनी। इससे कोरोना के दौरान ट्रेसिंग और वैक्सीनेशन में बड़ी मदद मिली है। पीएम मोदी ने कहा कि टेक्नोलॉजी हर किसी तक सही और सटीक इंफॉर्मेशन पहुंचाकर सबको आगे बढ़ने का समान अवसर दे रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर इंवेस्ट कर रही है। टेक्नोलॉजी की मदद से हम हर व्यक्ति के लिए डीजी लाकर की सुविधा लेकर आए हैं। यहां कंपनियां और एमएसएमईइस अपनी फाइलों को स्टोर कर सकते हैं। उसे विभिन्न रेग्युलेटर्स और सरकारी विभागों के साथ साझा कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम भारत में आधुनिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रहे हैं, साथ ही सुनिश्चित कर रहे हैं कि डिजिटल क्रांति का फायदा समाज के हर वर्ग तक पहुंचे।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

आम सूचना



हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

"मरीज नहीं होंगे परेशान
हर पंचायत में दवा दुकान"

राज्य के प्रत्येक पंचायत में दवा दुकान खोलने हेतु सूचना

ग्रामीण क्षेत्रों में औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार के द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत के सुदूर ग्रामों में कम से कम एक औषधि विक्रय संस्थान की स्थापना जनहित में किये जाने का लक्ष्य है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में औषधि एवं अंगराग अधिनियम 1940 एवं विनिर्मित नियमावली 1945 के तहत् जनहित में ग्रामिण क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत के सुदूर ग्रामों में Restricted License निर्गत की जायेगी, जिसके अंतर्गत वैसे औषधियों की बिक्री की जायेगी जिसमें फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य नहीं है।

इस योजना से सुदूर क्षेत्र में निवास कर रहे ग्रामिणों को ससमय औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा गाँव के शिक्षित ग्रामीणों को रोजगार एवं आय के स्रोत में भी वृद्धि होगी।

इस योजना के कार्यान्वयन हेतु इच्छुक व्यक्तियों द्वारा अपनी पंचायत के मुखिया/पंचायत सचिव को विहित प्रपत्र में आवेदन समर्पित किया जाएगा।

एतद् द्वारा सभी इच्छुक आवेदकों को सूचित किया जाता है कि विहित प्रपत्र में सभी अनुलग्नक के साथ अंतिम आवेदन दिनांक 05.04.2023 तक अपनी पंचायत के मुखिया/पंचायत सचिव को समर्पित करेंगे।

इस योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के Website https://www.jharkhand.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

अपर मुख्य सचिव
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

PR NO- 291510 (Health Med Edu and Family Welfare)22-23

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

# पानी के लिए तिल-तिल कर मर रहे हैं पंपुकल वासी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आपने एक कहावत सुना होगा कि पानी बिन मछली प्यासी। इस कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं पंपूकलवासी। क्योंकि पिछले 3 दिनों से पानी के बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं. पंपकलवासी के पानी की परेशानियों की ओर अभी तक किसी का ध्यान नहीं गया है। चाहे वह नगर निगम हो, पीएचडी हो, जिला प्रशासन हो, वार्ड पार्षद हो या ठेकेदार हो। क्योंकि इनके घरों में तो पानी बिसलेरी का मिल जाता है। लेकिन आम आवाम जन का वास्ता नगर निगम के सप्लाई नल पर निर्भर होता है। वे पानी के बिना तरस रहे हैं। यह हाल मेदिनीनगर नगर निगम के पंपुकल वासियों है। मामला सिर्फ इतना है कि पप्पूकल का मोटर खराब है। मोटर जर्जर हो चुका है। उसकी मरम्मत कई बार कराई गई। ठीकेदार ने भी मरम्मत कराकर प्रयास किया। अब जर्जर अवस्था में पड़े मोटर को कितने बार आप मरम्मत कराकर इस्तेमाल करेंगे। जवाब यही है कि मरम्मत कराने के बाद भी वह कारगर साबित नहीं हो पा रहा है। इसके बावजूद भी उसी पर आज भी प्रयास जारी है। जबकि नया मोटर या नया मशीन लगाना चाहिए। सबको मालूम है कि अगर अगला विश्व युद्ध होगा तो पानी के लिए होगा। पानी मनुष्य के जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। पूरे विश्व के वैज्ञानिकों ने पूरी दुनिया के लोगों से आग्रह किया है कि पावर और वाटर को संरक्षित करें, और इस और दुनिया के सत्ता में शामिल लोग प्रयास भी कर रहे हैं। दुनिया के वैज्ञानिक भी इस कमी को दूर करने का प्रयास में लगातार सक्रिय हैं। लेकिन छोटी मोटी कमियों के कारण अगर इस शादी ब्याह के लगन में तीन-तीन दिन पानी नहीं आना किन-किन परेशानियों का सामना नागरिकों को करना पड़ता है.यह आम नागरिक ही समझ सकता है। जबकि अभी शादी विवाह का लगन है। कुछ एक घर को छोड़ दिया जाए तो लगभग सभी घरों में कई बेटियों के हाथ पीले होने हैं। बारातियों के स्वागत हर काम में पानी की कितनी आवश्यकता होती है। पानी कितना महत्वपूर्ण है, यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। नागरिकों के द्वारा इस पत्रकार के द्वारा भी नगर निगम, पीएचडी, वार्ड पार्षद व जिला प्रशासन के कई लोगों को सूचित किया गया कि पँपूकल वासी पिछले 3 दिनों से पानी के बिना तरस रहे हैं। जवाब आता है मरम्मत हो रही है, काम हो रहा है। लेकिन मरम्मत उस मशीन का हो रहा है जो एकदम बेकार हो चुका है। जो काम के लायक नहीं है। क्या अभी भी जनता के टैक्स पर चलने वाले इस सरकार और इस देश को जनता के टैक्स के पैसे से क्या नया मशीन नहीं खरीदा जा सकता है। यह सवाल का जवाब शायद कोई नहीं दे सकते हैं। लेकिन जवाब सीधा है कि नया मशीन खरीदा जाना चाहिए। जनता को

# होली त्योहार को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** होली एवं शब ए बरात पर्व को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों ने बैठक में हिस्सा लिया। सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव ने सबो को होली की शुभकामनाएं देते हुए होली एवं शब ए बरात पर्व शांतिपूर्ण आपसी प्रेम सद्भाव पूर्वक मनाने की अपील की। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने भी परस्पर प्रेमपुर्वक शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की। कहा कि होली पर्व के दौरान हुड़दंग फैलाने वाले की खैर नहीं, अफवाहों से लोग दूर रहे। किसी तरह के समस्या हो तो थाना को सूचित करें। इसे लेकर थाना प्रभारी ने सभी को अपना मोबाइल नंबर भी दिया। उन्होंने कहा प्रशासन आपके साथ है। होली के दिन पुलिस की टीम नियमित रूप से गश्त करेगी। शांति समिति के बैठक में लोगों ने थाना प्रभारी से होली के तीन दिन पहले शराब पर पूर्ण रूप से बंदी करने की बात कही एवं पुलिस पेट्रोलिंग हर जगह हो इसकी मांग कि, दो पहिया वाहन चालकों पर पेनी नजर रखी जाए ।कार्यक्रम का संचालन वरुण विहारी यादव ने किया।

# पांडू वनांचल ग्रामीण बैंक में बैंक कर्मी की भारी कमी



**पांडू-पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पांडू प्रखंड स्थित वनांचल ग्रामीण बैंक में इन दिनों बैंक कर्मी की भारी कमी खल रही है। चाहे व्यवसाई वर्ग हो, चाहे स्कूली विद्यार्थी हों, चाहे आम- अवाम अभी इसी बैंक के भरोसे है. स्कूली बच्चे अपना पढ़ाई छोड़-छोड़ इस बैंक में लाइन लगाकर घंटों अपनी बारी का इंतजार करते हैं. बच्चों की पढ़ाई भी काफी बाधित होती है। पर करे तो करे क्या चाह कर भी बैंक कर्मी भीड़ को कम नहीं कर पाते, ईस बैंक में अतरिक्त बैंक कर्मी की आवश्यकता है। बिना बैंक कर्मी के बढ़ोतरी के यहां के लोगों का भला नहीं हो सकता। एक ही स्टाफ को कई प्रकार के कार्य करने पड़ते हैं जिसके कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# जपला आरपीएफ ने 36 केन बियर के साथ दो व्यक्तियों को किया गिरफ्तार



**हुसैनाबाद, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जपला रेलवे स्टेशन परिसर में आरपीएफ ने 36 केन बियर के साथ दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु उप-निरीक्षक निशांत कुमार के साथ ऑन ड्यूटी सहायक उप निरीक्षक नील रतन सिंह व प्रधान आरक्षी बिरेन्द्र प्रसाद सिंह के द्वारा की जा रही गस्त के दौरान जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं0 02/03 पर अवस्थित श्रीमती निर्मला कुमारी स्टाल के पास 2 व्यक्तियों को 2 भारी पीठु बैग के साथ पाया गया। जो बल सदस्यों को गस्त पर देखकर संदेहास्पद गतिविधि करने लगा। फलस्वरूप उन दोनों को रोककर उनके पास मौजूद पीठु बैगों को चेक किया गया। चेक करने पर दोनो बैग में 36 गॉडफादर ब्राण्ड का केन बीयर पाया गया। जिसके बाद दोनों को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपित ने अपना नाम बताया। एक आरोपित का नाम अक्षय कुमार, उम्र लगभग 18 वर्ष, पिता स्व0 प्रमोद कुमार गुप्ता ,वही दूसरे का नाम बिट्ठु कुमार, उम्र लगभग 20 वर्ष, पिता- संजय कुमार गुप्ता बताया। दोनों ग्राम डेहरी, पोस्ट डालमीया नगर, थाना- डेहरी, जिला रोहतास (बिहार) का रहने वाला बताया है। आरपीएफ के उप-निरीक्षक निशांत कुमार ने बताया कि उक्त 36 केन बियर जिसका अनुमानित बाजार भाव 5040 रुपये था।

# कलश यात्रा के साथ गोल्हना में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा, पलामू :** पंडवा प्रखण्ड क्षेत्र के गोल्हना शिव मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मंगलवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। कलश यात्रा की शुरुआत मंदिर परिसर से हुआ। हजारों महिला पुरुष भगवा व पीले वस्त्र पहन कर कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा में हर हर महादेव, जय जय श्रीराम आदि जय घोष से पूरा इलाका भक्ति्तमय हो गया। कलश यात्रा में मुख्य यजमान के रूप में ओमप्रकाश तिवारी शामिल हुए। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए कजरी शिव मंदिर के पास अमानत व कोयल नदी के संगम पर पहुंचा। पंडित सुधांशु मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चार के बाद श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। अध्यक्ष कठिन तिवारी, सचिव विनय कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष शशिकांत तिवारी, मुख्य यजमान ओमप्रकाश तिवारी, रामसेवक तिवारी, राजकमल तिवारी, धनुषधारी पाठक, बाल्मीकि तिवारी, सत्यदेव तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, इशनरायन तिवारी, संतोष तिवारी, अजित, ओम प्रकाश, रामकठिन तिवारी, अनुज दूबे, जसवंत तिवारी, सदस्य यशवंत तिवारी, राकेश तिवारी, सूर्यकान्त तिवारी, मयंक तिवारी, कुश तिवारी, विषभर तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी, विकास चंद्र तिवारी, अंशु तिवारी, उत्तम तिवारी, युगल किशोर तिवारी, उमिल तिवारी, सुभाष तिवारी सहित बड़ी संख्या में गोल्हना के ग्रामीण शामिल थे।

# प्रो.डॉ.आनंद कुमार बने शिक्षक प्रतिनिधि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** ए. के. सिंह कॉलेज, जपला में मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. आनंद कुमार शिक्षक प्रतिनिधि के पद पर निर्वाचित हुए। आज दिनांक 28-02-2023 को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर के निर्देशानुसार शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें मतदान सह निर्वाचन पदाधिकारी प्रो. रेखा कुमारी सिंह , पीठासीन पदाधिकारी रवि कुमार तथा सहायक के रूप में लेखापाल ओम प्रकाश सिंह उपस्थित थे। आज के शिक्षक प्रतिनिधि चुनाव में प्राचार्य श्री सूर्यमणि सिंह सहित कुल 30 शिक्षकों ने अपना मतदान किया। चुनाव परिणाम आने पर डॉ. आनंद कुमार को कुल 18 मत तथा नजदीकी प्रतिद्वंदी प्रोफेसर शशिभूषण जी को 12 मत मिले। विजय की घोषणा के बाद प्राचार्य श्री सूर्यमणि सिंह तथा मतदान निर्वाचन पदाधिकारी स.प्रो. रेखा कुमारी सिंह ने डॉ.आनंद कुमार को प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रमाण पत्र मिलने के उपरांत नवनिर्वाचित शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. आनंद कुमार के सम्मान में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री सूर्यमणि सिंह , परीक्षा नियंत्रक प्रो. अशोक कुमार सिंह तथा राजनीति विज्ञान के प्रो. सुनील कुमार सिंह ने सम्मान स्वरूप माल्यार्पण किए और मिठाइयां खिलाई। इसके उपरांत सभी शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों के बीच मिठाइयां बांटी गई और हर्ष का इजहार किया गया। उक्त अवसर पर प्राचार्य श्री सूर्यमणि सिंह ने डॉ.आनंद कुमार को बधाइयां एवं शुभकामनाएं देते हुए कॉलेज के विकास में अपनी महती भूमिका अदा करने के लिए तालमेल मिलाकर साथ देने की बात की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बधाई देने वालों में डॉ. अजय कुमार सिंह, प्रो. शशिभूषण सिंह डॉ. आलोक रंजन कुमार पूर्व शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. जयशंकर प्रसाद सिंह, एसीएस प्रो. डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा नामांकन प्रभारी प्रो. सुधीर कुमार सिंह, प्रो. डॉ. इन्दिरा सिन्हा, प्रो. सुदीप कुमार, प्रो. मुकेश कुमार, प्रो.अयूब,प्रो.हरेन्द्र नारायण सिंह, प्रो. डॉ. उपेंद्र कुमार सिंह, प्रो. प्रशांत कुमार, प्रो.चन्दन कुमार सिंह, प्रो. अभिषेक कुमार, प्रो. अशोक देव, प्रो. डॉ. सुप्रिया जैन, प्रो. राहुल कुमार सिंह, प्रो.रेखा कुमारी सिंह, प्रो.सुनील कुमार सिंह, प्रो.रवि कुमार प्रमुख थे।

# एनएच 98 इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर 6 बाइक जब्त



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनएच 98 थाना के पास बने अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट पर मंगलवार को वाहन चेकिंग के दौरान 6 बाइक को जब्त किया गया है। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि पलामू पुलिस द्वारा निरंतर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता चलाकर दोपहिया वाहन चालकों को जागरूक करते हुए हेलमेट पहनने की अपील की गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिंदगी को सलामत रखने और परिवार को खुशहाली के लिए वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन अवशी करें। छोटी सी लापरवाही बड़ी परेशानी की वजह बन सकती है।

# गरीबों के घरों में भी खुशिया बांट कर अनोखे अंदाज में मनाएंगे होली समाजसेवी शौकत खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** होली से पहले गरीबों के घरों में खुशियां बिखेरने का अनोखे अंदाज में अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत ख़ान ने एक मार्च से होली तक गरीबों के बिच प्रतिदिन कपड़े और राशन का वितरण करने का निर्णय लिया है। हर वर्ष कि तरह सभी लोगो कि तरह ग़रीब,उनके बच्चे भी अच्छे-अच्छे कपड़े पहन सकें, और होली पर अपने घरों में पकवान बनाकर घर परिवार के सदस्यों के साथ मिलजुल कर होली का त्योहार खुशियो के साथ मना सके। सभी की भांति अबीर-गुलाल के रंग में रंगकर खुशियां मना सकें।बताते चलें कि समाजसेवी शौकत ख़ान जाती धर्म से उपर उठकर मानवता के धर्म को निभाते हुए सभी त्योहारों में गरीबों के बीच उनकी जरूरत की चिजे बांटकर अनोखे अंदाज में मनाते है। अब तक लाखों जरुरतमंदों को वे मदद पहुंचा चुके है। उनका निस्वार्थ सेवा कार्य झारखंड के पहले शौर्य चक्र विजेता शहीद आशिष कुमार तिवारी जी के नाम समर्पित है।

# दुर्घटना रोकथाम के लिए लगातार हो रही है वाहन जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** पुलिस दुर्घटना का रोकथाम के लिए दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों का लगातार हो रहे हेलमेट, सीट बेल्ट सहित अन्य जांच छतरपुर से वाहन चालकों में सजगता आया है साथही सड़क दुर्घटना में भी कमी आई है। छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि वाहनों का गति सीमा कम करने हेतु छतरपुर डाल्टनगंज औरंगाबाद मुख्यपथ एनएच 98 पर दो जगह पर एक ब्लॉक के आगे एवं दूसरा गौलक्ष्मी के पास ड्रम लगाकर ज़िक्जाक किया गया, ताकि वाहनों का गति सीमा कम हो और दुर्घटना ना हो। प्रत्येक दिन वाहन की जांच हो रही है और आगे भी जांच जारी रहेगी सभी से मेरा पुनः अनुरोध है की हेल्मेट पहनकर चलें और सीट बेल्ट लगाकर चले।

# लालगढ़ में श्री 1008 शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को आज निकलेगी जलयात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ गांव में नवनिर्मित श्री 1008 शिव मंदिर मी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महायज्ञ का आयोजन किया गया है जिस की जल यात्रा आज बुधवार की सुबह 9 बजे यज्ञ परिसर से श्रद्धालुओं की एक विशाल रैली के साथ निकाली जाएगी। जो कोयल नदी तक से कलश में जल भरकर वापस यज्ञ परिसर में लौटकर कलश स्थापना के साथ यज्ञ की शुरुआत होगा। यज्ञ की प्रधान यजमान महेंद्र साहू ने बताया कि 1 मार्च से शुरू होकर 4 मार्च तक चलेगा। 2 मार्च गुरुवार की सुबह 8:00 बजे से प्रतिमा का नगर भ्रमण कराते हुए शिव दरबार की भव्य झांकी निकाली जाएगी। 3 मार्च शुक्रवार को नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पूजन के साथ रुद्राभिषेक होगा। वहीं 4 मार्च शनिवार को हवन पूजन वह भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के लोगों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को भाग लेने की अपील की है।

# 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने किया खुटिया के पीडीएस डीलर की डीसी से शिकायत



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीससुत्री के प्रखंड उपाध्यक्ष मनान अंसारी ने डीसी को लिखित आवेदन सौपकर धुरकी प्रखंड क्षेत्र के खुटिया गांव की डीलर मानमती देवी द्वारा रासन वितरण मे अनियमितता और राशन गबन करने का आरोप लगाया है। डीसी से इस मामले में जांचोपरांत कार्यवाई की मांग की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीससुत्री उपाध्यक्ष ने बताया की खुटिया गांव की डीलर मानमती देवी पर राशन गबन करने और लाभुको से दुर्व्यवहार करने के मामले की उन्होने स्वयं जांच किया था। उन्होने बताया की जांचोपरांत सभी लाभुको द्वारा लगाए गए आरोप सही मिला है। बीससुत्री उपाध्यक्ष ने डीसी से लिखित आवेदन के माध्यम से आग्रहपूर्वक कहा है की उक्त डीलर द्वारा सभी कार्डधारी लाभुको से राशन वितरण करने के दौरान वजन मे कटौती, मनमानी और राशन गबन किया जाता है। वहीं उक्त डीलर के खिलाफ प्रखंडस्तरीय जांच भी हुआ है, जिसमे डीलर पर लगे आरोपो की सत्यता से जांच करने के क्रम आरोप सही मिले है। बीससुत्री उपाध्यक्ष द्वारा डीसी को आवेदन के माध्यम से उक्त डीलर पर कार्यवाई करने के लिए मांग की गई है।

# बच्चों को मिला स्वेटर



**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कजरी पंचायत स्थित सखुआ आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को 40 बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया। समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह उप मुखिया रीमा देवी, वार्ड सदस्य रानी विश्वकर्मा, आंगनबाड़ी सेविका सुजाता विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से स्वेटर वितरित किया। समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जाती है।केद्रों की सेविकाओं के माध्यम से गर्भवती व धात्री महिलाओं को पूरक पोषाहार और खानपान की जानकारी डोर टू डोर जाकर दी जाती है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक गौरी शंकर चौबे का सम्मान मे विदाई समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** रा. म. वि. हुसैनाबाद के सहायक शिक्षक गौरी शंकर चौबे का सेवानिवृत्ति के उपरांत उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन रा. वि. हुसैनाबाद के प्रशाल में किया गया । समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार सिंह ने किया बतौर सम्मानित अतिथि डीडीओ सुनील कुमार, एच एम सुरेंद्र कुमार सिंह डीडीओ हैदरनगर, श्रीराम सिंह, रामध्यान राम एच एम एवं संचालन शिक्षिका सुषमा पांडे ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में वर्ग आठ की छात्रा प्रिया कुमारी द्वारा स्वागत गीत गाया गया तत्पश्चात् इसी वर्ग की छात्रा खुशी कुमारी द्वारा गणेश वंदना पर नृत्य किया गया।प्रशाल करतल ध्वनियों द्वारा गुंजायमान हो गया। इसके बाद शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता द्वारा अभिनंदन पत्र का वाचन काम गया। विद्यालय परिवार ने उन्हें शाल, अंगवस्त्र एवं कलम डायरी भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने गौरी शंकर चौबे के द्वारा विद्यालय के शैक्षिक क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को याद किया एवं उनकी भूरि भूरि प्रशंसा किया, कहा कि ये अनुशासित व कर्त्तव्यपरायण शिक्षक के रुप में याद किए जायेंगे, सादगी के प्रतिमूर्ति थे, भौतिक विज्ञान से स्नातक, अर्थशास्त्र से स्नातकोत्तर व सम्पूर्णानंद विश्वविद्यालय से आचार्य किये हैं, आयुर्वेद के अच्छे ज्ञाता हैं, विद्यालय परिवार इनके विद्वता से अभिभूत है। साठ वर्ष के उम्र के बावजूद आंखों पर चश्मा नहीं लगाये। इनका शेष जीवन आनंदमय, स्वस्थ व सुखमय बीते मंगल कामना की गयी। मौके पर विद्यालय प्रबंधन कमिटी के अध्यक्ष रामवृक्ष राम, एच एम कन्हैया प्रसाद शिक्षकों में राजेश कुमार गुप्ता, जुबैर अंसारी, राजेश कुमार सिन्हा, इशरत हुसैन, शिक्षिकाओं में सुषमा पांडेय, पुष्पा कुमारी, पूनम कुमारी, रश्मि प्रकाश उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन एच एम कन्हैया प्रसाद ने किया और सभी आगंतुकों को आभार व्यक्त किया।

# हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज व पिपरा में री सर्वे पर सरकार गंभीर नहीं : कमलेश

## प्रभारी मंत्री जोबा मांझी से मिलकर पुनः रखी मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद-हरिहरगंज के विधायक व एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने झारखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन भूमि एवं राजस्व विभाग की प्रभारी मंत्री जोबा मांझी से मिलकर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पांचों अंचलों में भूमि के ऑनलाइन करने में भारी गड़बड़ी को दुरुस्त करने की मांग दोहराई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कर्मचारियों की नियुक्ति के बाद री सर्वे कराया जायेगा। फिलहाल त्रुटियों को दूर करने के लिए जिला से महीना में दो बार अधिकारी हुसैनाबाद जाकर शिविर लगाएंगे। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि तीसरी बार मौंसून सत्र के दौरान भी उन्होंने हुसैनाबाद, हरिहरगंज, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, पिपरा में री सर्वे कराने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि 1980-81 ई में हुए सर्वे को 2016-17 में ट्रायल ऑनलाइन कर भूमि मालिको को परेशानी में डाल दिया है। ऑनलाइन इंट्री में बड़े पैमाने पर त्रुटि है,जिसे विभागीय अधिकारी भी मानते हैं। जबकि प्रभारी मंत्री जोबा मांझी ने चौथी बार भी इस मामले में प्रभारी मंत्री जोबा मांझी ने रटा रटाया जवाब दिया की कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए बंदोबस्त पदाधिकारियों से रोस्टर सहित संशोधित अधियाचना की मांग की गई है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि ढाई वर्ष से नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हो सकी है। इस स्थिति में प्रभावित अंचलों के भूमि मालिको के बीच भूमि विवाद के मामले बढ़ते जा रहे हैं। प्रतिदिन प्रत्येक थाना में दो तीन मामले भूमि विवाद से संबंधित मार पीट के आते हैं। जिससे इलाके में तनाव जैसा माहौल बना रहता है। श्री सिंह ने कहा कि स्थिति को देखते हुए सरकार को तत्काल समाधान करने की जरूरत है। विधायक ने विभागीय मंत्री के अलावा विधानसभा अध्यक्ष से भी इस मामले में बात की है। उन्होंने भी समस्या के समाधान कराने का निर्देश विभागीय मंत्री को दिया है।

**विभागीय मंत्री ने उपायुक्त से की बात :** विधानसभा अध्यक्ष ने विभागीय मंत्री को विधायक कमलेश कुमार सिंह के क्षेत्र की समस्या का निदान करने का निर्देश दिया था। विभागीय मंत्री जोबा मांझी ने पलामू के उपायुक्त से इस मामले में दूरभाष पर बात की। उन्होंने विधायक कमलेश कुमार सिंह को बताया कि महीना में दो बार शिविर लगा कर म्यूटेशन समेत अन्य त्रुटि दूर की जायेगी।

# अवैध महुआ शराब के विरुद्ध अभियान में पुलिस ने 80 किलो जावा महुआ को किया नष्ट

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** धुरकी थाना अंतर्गत बिरबल गांव में मगलवार को उत्पाद विभाग और पुलिस के अवैध महुआ देशी शराब के विरुद्ध संयुक्त छापेमारी करते हुए 80 किलो जावा महुआ को किया नष्ट कर दिया है।जब कि उत्पाद विभाग व धुरकी पुलिस की इस छापेमारी से अवैध शराब कारोबारीयों में हड़कंप मचा हुआ है। इस पुरे मामले की जानकारी देते हूए थाना प्रभारी सदानन्द कुमार ने बताया की बिरबल गांव में अवैध शराब का कारोबारी चल रहा था। सुचना मिलने के बाद गांव में छापेमारी कि गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने जब घर कि तलाशी लिया तो 80 किलो जावा महुआ बरामद किया गया। जिसे तत्काल विनष्ट करते हुए शराब बनाने के उपकरण व भट्ठी को भी ध्वस्त कर दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल, तीनों रिम्स रेफर



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नरकोपी थाना क्षेत्र के पांडेपारा मोड़ के समीप बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर सोमवार की रात में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों में 20 वर्षीय शमशाद अंसारी,21वर्षीय तबरेज अंसारी व 22 वर्षीय अजमेर अंसारी तीनों बेड़ो करांजी निवासी है। घायलों को ग्रामीणों ने108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद बेड़ो पहुचाया। जहां डा एलएन दास ने घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद तीनो घायलों का बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल तबरेज ने बताया कि वे तीनों करांजी से सिसई जा रहे थे तभी पांडे पारा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया जिससे वे सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये।

## सिल्ली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन सम्पन्न



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने किया एवं कहा कि शबे बरात और होलिका का त्यौहार एक ही दिन होने के कारण आप लोग इस त्यौहार को शांति पुर्वक एवं भाई चारे के साथ मनाएं। होली का त्यौहार आपलोग अपने परिवारों के साथ मिलकर मनाएं। किसी भी तरह का आपसी विवाद ना करें! शराब पीकर वाहन ना चलाएं। किसी भी तरह का समस्या हो तो प्रशासन को सूचना जरूर करें प्रशासन आपके साथ हमेशा खड़ी रहेगी !आपके क्षेत्र मे प्रशासन 24 घंटा गस्ती करते नजर आएंगे, इसके बावजूद भी अगर किसी तरह का मतभेद यह आपसी विवाद होता है तो तुरंत इसकी सूचना सिल्ली थाना या जो भी आपके नजदीकी में थाना हो उसको दे सकते हैं तुरंत उस पर कानुनी कार्रवाई की जाएगी। शांति समिति की बैठक संपन्न होने के पश्चात थाना परिसर में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह का आनंद उठाया। इस समारोह का समापन ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने किया। इस मौके पर सिल्ली थाना प्रभारी आकाश दीप, इंस्पेक्टर नीरज कुमार, एस आइ अनुप टोप्पनो, आरपीएफ पवन कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन आशिष लकड़ा, अंचल अधिकारी ,धर्मेंद्र दुबे, प्रखण्ड प्रमुख जितेंद्र बडाइक, मुखिया लालू राम उरांव, लुपुंग मुखिया सीमा देवी, भरत मुंडा, सुरेश मुंडा,राजा पुष्पेन्द्र सिंह देव, समेत शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## विदाई समारोह का आयोजन किया गया



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):**मांडर प्रखंड स्थित कंदरी मोड़ के अमेरिकन पब्लिक स्कूल में क्लास आठ का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक जावेद अहमद निदेशक नौशाद आलम एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने क्लास दस के छात्र-छात्राओं को उनके अच्छे रिजल्ट और उज्जवल भविष्य की कामना किए। साथ ही क्लास आठ के शुभकामना आयुष कुमार, मुस्कान परवीन, अशोक उरांव को बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द 2022-23 साल का अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## अड़की खारसवां पथ की घाटी में टाटा मैजिक वाहन पलटी, एक की मौत

**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र के अड़की - खरसावां मुख्य पथ के साउडीह घाटी में एक टाटा मैजिक (रजिस्ट्रेशन नंबर- जेएच 05ए बी 8440) से अनियंत्रित होकर पलटी। जानकारी के अनुसार गांव कारूमुंडा टोकलो के ओर से शाराती के लिए पिड़ीडीह (कोरवा) आ रहे थे साउडीह घाटी पर तीखा मोड़ होने के कारण ड्राइवर टाटा मैजिक वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया जिससे टाटा मैजिक पलट गई। दुर्घटना के बाद ड्राइवर घटनास्थल फरार हो गया।इस दुर्घटना में उड़ीसा राज्य के संबलपुर जिला अंतर्गत देवगढ़ थाना क्षेत्र के सिरगढ़ा निवासी कोंदलो तुरी के पुत्र चंद्र मिर्धा की मौत हो गई और दर्जनों घायल हुए जिनमें लखीमनी कालिन्दी,माऊकाल, कालिन्दी, सोनिया कालिन्दी,माझिला,विमला, आनिता आदि हैं मौके पर अड़की थाना प्रभारी मोहम्मद इकबाल हुसैन सशस्त्र बलों के साथ पहुंचे और कोरवा स्थित सीआरपीएफ के जवानों की सहायता से घायलों को स्कॉर्पियो और पिकअप वैन से इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया वहीं मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल खुंटी भेज दिया और अड़की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## सात दिवसीय विशेष शिविर में इंदरावाटड़ गांव वालों के लिए डेन्टल कैंप का आयोजन

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिन का प्रथम सत्र का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत के साथ हुआ । तत्पश्चात महाविद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ एवं समाजसेवी संजय अग्रवाल के द्वारा विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास, व्यायाम, ? उच्चारण, भस्त्रिका प्राणायाम, भ्रामरी, उज्जैय प्रणायाम , कपालभाति, अग्निसार, मानसिक यात्रा, भजन आदि कराए गए । शिविर में संजय अग्रवाल ने सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि शरीर का संचालन चैतन्य शक्ति के द्वारा होता हैं और सकारात्मक विचार से उच्च व्यक्तित्व का निर्माण होता हैं । उन्होंने कहा कि हमें हमेशा समाज में रहने वाले जरूरत मंदो की सहायता करते रहना चाहिए । साथ ही उन्होंने गौशाला के प्रति सभी स्वयंसेवकों को जागरूक किया। वहीं अविनाश सेठ ने सभी स्वयंसेवकों को अपने संबोधन के द्वारा उनका उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय की उपनिदेशिका डा? संजीता कुमारी ने सभी स्वयंसेवकों को एन. एस. एस. के कार्यों के प्रति सजग किया एवं प्रथम सत्र के अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिया तत्पश्चात सभी स्वयंसेवक ने नाश्ते में फल ग्रहण किया।

# योजना से संबंधित कार्य के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं : बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बेड़ो :** विकास योजनाओं से संबंधित कार्यों में किसी भी कीमत पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। योजनाओं को समय पर पूर्ण करना किस सारी जिम्मेदारी आप पर है। उक्त बातें मंगलवार को प्रखंड सभागार में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने कही। आवास योजना से संबंधित सभी टेक्निकल समस्याओं को सुधार करने के लिए एक 3 सदस्य टीम गठित की गई। उन्हें निर्देश दिया गया कि अगर प्रखंड स्तर पर समस्या का समाधान हो तो कर लिया जाए और जिला स्तर में सुधार का मामला हो तो ऐसी स्थिति में जिला को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए समस्या का समाधान किया जाए। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रखंड में चल रहे विकास योजनाओं की विभाग वार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना को अति शीघ्र पूर्ण किया जाए इसके लिए हर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। पंचायतों में पर्यवेक्षक के नेतृत्व में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। सभी पंचायत को कार्य पूर्ण करने के लिए टारगेट दिया गया। मनरेगा योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि यह जरूरी है कि गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार मुहैया की जाए इसके लिए उपस्थित सभी रोजगार सेवकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन प्रति गांव कम से कम 5 योजनाओं का संचालन सुनिश्चित करें। सभी पंचायत प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक पंचायत में प्रतिदिन कम से कम एक सौ मज़दूरों को कार्य देना सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड में निर्माणाधीन सभी पंचायतों के पशु शेड को अति शीघ्र पूर्ण करने की हिदायत दी गई। आधार सीडिंग के कार्य को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने की बात कही गई।

सभी पंचायत में पूर्ण हुए व अधूरे सभी योजनाओं का जियो टैग करने और कार में प्रगति लाने की बात कही। मौके पर 15वें वित्त सहित अन्य विषयों की भी समीक्षा की गई और उपस्थित सभी कर्मियों को अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।

# तमाड़ पुलिस ने अफीम की 13 एकड़ में लगी फसल को नष्ट किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के द्वारसीनी एवं भुईयाडीह के आसपास के जंगलों में मादक पदार्थ की अफीम की खेती के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाकर 13 एकड़ में लगे अवैध पोस्ता की फसल को पुलिस ने नष्ट किया। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि द्वारसीनी एवं भुईयाडीह में अवैध पोस्ता की खेती किया गया है । सूचना के आधार पर एसएसबी तमाड़ एवं आईआरबी विजयगिरी के सहयोग से एक टीम गठित कर छापामारी अभियान चलाकर द्वारसीनी एवं भुइयांडीह के आस पास के जंगल क्षेत्र में करीब 13 एकड़ में लगे अफीम के फसल को नष्ट कर दिया गया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खूंटी :** शशि रंजन की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय, खूंटी में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए कि शैक्षिक स्थिति में सुधार लाना है। शिक्षा में सामुदायिक सहभागिता के बढ़ाने के लिए गतिशीलता का प्रशिक्षण देकर विद्यालय प्रबंध समिति की सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया जा रहा है। बैठक में केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य के द्वारा केंद्रीय विद्यालय के प्रबंधन एवं आधारभूत संरचना के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों से अवगत कराया गया। साथ ही केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त के द्वारा विद्यालय के विकास को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। मौके पर उपायुक्त ने स्कूल की साफ-सफाई, कक्षा एवं चारदिवारी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें प्रमुख हैः- विद्यालय में कक्षा 1 में सेशन 2023 - 24 से नए अनुभाग (सेक्शन) को खोलना। विद्यालय में केमेस्ट्री, फिजिक्स और बायोलॉजी लैब का संचालन। संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित कराने से संबंधित चर्चा की गई। अन्य पठन-पाठन सुविधाओं का विकास करना । विद्यालय में स्किल शिक्षा को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने विद्यालय का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि बहुउद्देशीय हॉल को सांस्कृतिक कार्यक्रमों व अन्य गतिविधियों के लिए प्रयोग में लाया जाए। साथ ही सोलर पैनल लगाने से संबंधित निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय का प्रबंधन सुव्यवस्थित रूप से किया जाना आवश्यक है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्देशित किया कि विद्यालय में फायर मॉकड्रिल आयोजित किया जाय, इससे बच्चों में फायर सुरक्षा संबंधित जागरूकता आयेगी। साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधारोपण करने व वाटिका विकसित करने के निर्देश दिए। विद्यालयों के आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने हेतु आवश्यक व्यवस्था एवं समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने विद्यालय को बेहतर रूप में विकसित करने पर विशेष जोर दिया। उपायुक्त द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय की आवश्यकता है कि हम सब मिलकर सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के सार्थक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अकादमिक सफलता के साथ-साथ इनका विकास सुनिश्चित कर इन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। आगे उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से जिले के सभी विद्यालयों में भी चरणबद्ध रूप से शिक्षण व्यवस्था दुरुस्त करने की दिशा में प्रयास किये जायेंगे।

# ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता का संदेश देती है रोग हार की परंपरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खूंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में इन दिनों रोग खेदा परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है, वास्तव में झारखंड अपने आप में एक अनूठा प्रदेश है जहां तरह-तरह के रीति रिवाज देखने को मिलते हैं जिसमें हमेशा एक संदेश छिपा होता है, ऐसा ही एक परंपरा रोग खेदा है जिसे अन्य जगहों के लोग रोग हार का भी नाम देते हैं। इस रीति रिवाज का निर्वहन झारखंड के ग्रामीण इलाकों में बाहा पर्व होली के पूर्व की जाती है सबसे पहले रोग खेदा रीति रिवाज के तहत रात्रि में मुनगा पेड़ के डालियों के डंडे से पुरुष अपने-अपने घर के दीवारों, दरवाजों, खिड़कियों और अन्य सामानों के साथ ही साथ सभी कमरों को सांकेतिक रूप से पीट-पीटकर रोग भगाने का संदेश देते हैं फिर उस डंडे के अग्रभाग को जलाकर घर के पुरुष गांव पंचायत के सिमान में इस डंडे को फेंक देते हैं। अगले सुबह घर की महिलाएं घरों की सफाई करने के साथ ही साथ लिपाई-



पुताई का काम करती हैं जिसके बाद घर के सारे कूड़ा कचरा पुराने झाड़ू को एक मिट्टी की पुरानी हाड़ी में भरकर घर के बाहर रखती हैं। इस दौरान गांव के पहान द्वारा रोग दुःख को दूर करने का आह्वान सिंगबोंगा से किया जाता है वहीं घर की महिलाएं सामुहिक रूप से इस प्रतीकात्मक रोग हांडी को गांव पंचायत के सिवान में अपने सर में ठोकर ले जाते हैं और वहीं फेंक देती यह प्रक्रिया एक के बाद एक सभी गांव में चलती है फिर प्यार से सभी बाहा पर्व अर्थात होली मनाते हैं।


## कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गयी है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि के सैरात की बन्दोबस्ती जिला परिषद स्तर से की जाएगी। दिनांक 06.01.2022 को संपन्न जिला परिषद, पलामू के कार्यकारी समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में पलामू जिला अंतर्गत हाट बाजार लेस्लीगंज एवं मनातू के बंदोबस्ती हेतु संम्बंधित अंचलाधिकारी द्वारा डाक की न्यूनतम राशि 100000.00 (एक लाख) रूपये प्रतिवर्ष से अधिक निर्धारित की गयी है।

अतः एतद द्वारा पलामू जिला अंतर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| क्र0 | हाट/बाजार का नाम | प्रखण्ड/अंचल क्षेत्र | वर्ष 2022 हेतु डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (1 वर्ष के लिए) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लेस्लीगंज हाट | नीलाम्बर पीताम्बरपुर | 16.03.2023 | 01:00 AM बजे से | 240500.00 | 24050.00 |
| 2 | मनातू हाट | मनातू | 17.03.2023 | | 130000.00 | 13000.00 |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 15.03.2023 तक कॉलम संख्या–7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (**Secretary, Zila Parishad, Palamu**)के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। हाट बाजार की बंदोबस्ती की अवधि एक वर्ष की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि तत्काल तथा शेष 50% राशि अगले 6 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। डाक की बोली का अन्तर न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये होगा।

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें पलामू NIC के वेबसाइट– www.palamu.nic.in/जिला परिषद के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क संख्या– 7903556060 पर कार्यालय अवधि में जानकारी ली जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 291399 District(22-23)D



## झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

अति अल्पकालीन_निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–599 — राँची, दिनांक 27.02.2023

एतद् द्वारा माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, झारखण्ड, राँची के कार्यालय के उपयोग हेतु निम्नांकित सामग्रियों का इच्छुक राज्य में निबंधित आपूर्तिकर्त्ताओं से दर आमंत्रण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की जानकारी विभागीय पोर्टल http://schooleducation.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है। कोटेशन सीलबन्द लिफाफा में निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखण्ड, एम0डी0आई0 भवन, धुर्वा, राँची के कार्यालय में दिनांक 13.03.2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक अवश्य उपलब्ध कराया जाय।

| क्रं0 | सामग्री का नाम | दर प्रति ईकाई (GST सहित) | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Laserjet Duplex Computer Printer (Black & White) | 01 Pc. | 13.03.2023 5:00 PM |
| 2 | Laserjet Colour Computer Printer | 01 Pc. | |
| 3 | Xerox Machine Platen Size A3 Print/Copy B/W, Speed A4 25 Pages/Minute A3 14 Page/Minute Automatic Duplex Print, Colour Scan upto A3 to Computer and Direct Scan to Pendrive | 01 Pc. | |
| 4 | Digital Duplicator A4 Size Machine Single Drum, Sheet Feed, 300x600 dpi, Speed 60 to 130 ppm, Pendrive Printing, Computer Interface – USB | 01 Pc. | |

**Terms & Conditions:**
1) The firm must have valid Jharkhand GST Registration Certificate.
2) All items of the tender are to be mandatorily quoted and the L1 will be considered on the composite value of the tender.
3) The firm must have a local office in Ranchi.
4) Once P.O. is given the firm must supply the items within 3 days.

ह0/–
(सुनील कुमार)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखण्ड,
एम0डी0आई0 भवन, तृतीय तल, धुर्वा, राँची।

PR 291389 School Education and Literacy(22-23)D



## कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

पत्रांक........................खूँटी, **E-Tender Notice** दिनांक..................

**(Through E-Procurement mode only http://jharkhandtenders.gov.in)**

**E-Tender Reference No. KNP/13/2022-23 2nd Call**

| Sr.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Rejuvenation of Kamanata Jalashay Under Nagar Panchayat, Khunti. |
| 2. | Estimated Cost (INR) | Rs. 3,48,89,087/- (Rupees Three Crore Forty Eight Lakhs Eighty Nine Thousand Eighty Seven Only) |
| 3. | Bid Security (INR) | 3,48,891/-. (Rupees Three Lakhs Forty Eight Thousand Eight Hundred Ninety One Only) |
| 4. | Cost of Bid Document (INR) | 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only) non-refundable |
| 5. | Time of Completion | 18 Months |
| 6. | Date of e-publication of tender | 10.03.2023 at 5.00 pm |
| 7. | Document downloading start Date | 10.03.2023 at 5.00 pm |
| 8. | Pre bid meeting date, Time & Venue | 17.03.2023 at 3.00 pm, Office Nagar Panchayat, Khunti |
| 9. | Bid submission end date | 23.03.2023 at 3.00 pm |
| 10. | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 24.03.2023 up to 2.00 pm |
| 11. | Bid opening date (online) | 24.03.2023 at 3.00 pm |
| 12. | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 13. | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat, Khunti |
| 14. | Helpline Number | 7461059733 |

**Note: Only e-Tender will be accepted**
**Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)**

PR291412 (Urban Development)22-23*D — ह0/– कार्यपालक पदाधिकारी,नगर पंचायत, खूँटी



## JHARKHAND STATE SPORTS PROMOTION SOCIETY

(A CCL- State Govt. of Jharkhand Joint Initiative)
C/o Mega Sports Complex, Khelgaon, Hotwar, Ranchi- 835217

**Registration under Society Act No.519**
**Registration under GST No. 20AACAJC1Z9**
**OUR MISSION- OLYMPIC GOLD**
**Contact no.:8987784136**

Ref. No. JSSPS/CEO/Civil/e-tender/2022-23/ 368-77 — Dated: 20.02.2023

**Notice Inviting Tender NIT No.05 of 22-23**

1. Tenders are invited online under single cover system on the website https://jharkhandtenders.gov.in from the eligible bidders having Digital Signature Certificate (DSC) issued from any agency authorized by Controller of Certifying Authority (CCA), Govt. of India and which can be traced up to the chain of trust to the Root Certificate of CCA, for the following work::

| Description of work | Location | Estimated Cost of Work (Including GST) (In Rs.) | Earnest Money (In Rs.) | Period of Completion (In Days) |
|---|---|---|---|---|
| Repair and maintenance of water supply and sanitary fitting works for a period of 24 months at MSC, Hotwar, Ranchi. | MSC, Hotwar, Ranchi | 48,78,905.68 | 61,000.00 | 730 days |

Note: The bid documents will be available on the website(s) and can be downloaded by the bidder up to the bid submission end date.

**(I) For Site visit of location of work, the prospective bidder(s) may contact Sri Nasir Towheed, Dy. Manager (C)/JSSPS, Mobile no: -9771919385.**

| Tender inviting authority | Contact Person(s)/Tender Dealing Officer(s) |
|---|---|
| GM(TA)/Member (Civil)/JSSPS, Mobile no:9431392787 | Dy. Manager (C)/JSSPS, Mobile no:**9771919385** |

**2.Time Schedule of Tender:**

| Sl. No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| a. | Tender e-Publication date | 28.02.2023 | 18.00 Hours |
| b. | Document download start date | 01.03.2023 | 10.00 Hours |
| c. | Document download end date | 13.03.2023 | 15.00 Hours |
| d. | Bid Submission start date | 01.03.2023 | 10.00 Hours |
| e. | Bid submission end date | 13.03.2023 | 15.00 Hours |
| f. | Start date for seeking Clarification on-line | 01.03.2023 | 10.00 Hours |
| g. | Last date for seeking Clarification on-line | 08.03.2023 | 17.00 Hours |
| h. | Date of Pre-bid meeting (if any) | NA | NA |
| i. | Last date of receipt of EMD through DD / BC at the office of CEO, JSSPS, Ranchi | 13.03.2023 | 15.00 Hours |
| j. | Bid opening date | 14.03.2023 | 15.00 Hours |

PR291467 (Art Culture Sports and Youth Affairs)22-23*D

**on 20.02.2023**
**Sd GM (TA)/ Member (Civil)LMC, JSSPS**

## होली को लेकर तिरूलडीह थाना में शांति समिति की बैठक

**तिरलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह थाना परिसर में मंगलवार को थाना प्रभारी रितेश कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति कि बैठक आयोजित कि गई। बैठक में होली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने व भाईचारे के साथ होली मनाने को लेकर चर्चा किया गया। उन्होंने शांति समिति के सदस्यो व पंचायत प्रतिनिधियों को होली में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने, नशे के हालत में उत्पात मचाने व आपसी सौहार्द को बीगाड़ने का कोशिश करने वालों का जानकारी थाना को देने का अपील किया। चौक चौराहों व सड़कों पर किसी को भी उसके मर्जी के खिलाफ रंग नहीं लगाने के संबंध में लोगों को जागरूक करने का भी अपील किया। हुड़दंगियों, व्हाट्सएप पर गलत मैसेज भेजने व शराब के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कि जाएगी । मौके पर प्रमुख प्रतिमा सिंह पातर, उप प्रमुख मोहम्मद एकराम, मुखिया रामबालक सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।



## नेस्ले मंच का नया क्रंचयोर एटिट्यूड कैम्पेन लॉन्च

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेस्ले मंच ने अपना क्रंचयोर एटिट्यूड कैम्पेजन लॉन्च किया है, जो कि टीनेजर्स को ज्यादा आत्म विश्वास के साथ खुद को अभिव्यक्त् करने के लिये प्रोत्साहित करता है। नेस्ले मंच ने ऐसे अनूठे पैक बनाये हैं, जो अलग-अलग तरह के पैशन और रुचियों की सराहना करते हैं, जैसे कि खेल, गेमिंग, फैशन और सोशल मीडिया। यह पैक टीनेजर्स को मर्चेंडाइज जीतने और अपनी पसंदीदा पैशन का सितारा बनने का मौका देते हैं। नये कैम्?पेन पर अपनी बात रखते हुए नेस्लेन इंडिया में कंफेक्शनरी बिजनेस की हेड रूपाली रत्तन ने कहा कि आज के टीनेजर्स सपनों और आकांक्षाओं से भरे हैं। अपने दिमाग में किसी लक्ष्य को बैठा लेने के बाद उसे हासिल करने में वे कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। नेस्ले मंच का नया कैम्पेन क्रंचयोर एटिट्यूड उन्हें न सिर्फ आत्म विश्वास के साथ खुद को अभिव्यक्त करने, बल्कि अपने पैशन को पूरा करने में भी सक्षम करता है।




## सोनारी के अरुण गुप्ता बने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनारी वेस्ट ले आउट निवासी अरुण गुप्ता झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष चुने गए। वे आगामी दो दिवसीय 18-19 मार्च को धनबाद में आयोजित होने वाले झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अधिवेशन में सत्र 2023-2025 के लिए पदभार ग्रहण करेंगें। अरुण गुप्ता वर्तमान में प्रांतीय महामंत्री हैं। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल और स्टील सिटी सुरभि शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी तथा मायुमं टाटानगर अचीवर्स शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता ने व्यक्तिगत रूप से उनके कार्यो व कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की। जमशेदपुर के अशोक भालोटिया, उमेश साह, अशोक मोदी, मनीषा संघी, कविता अग्रवाल आदि ने भी बधाई दी है।



## मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा 8 मार्च को मनाएगा होली

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा की एक बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्यों और सत्नारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी मंदिर के पंडितों के साथ मिलकर रंगो की होली (छारंडी) 8 मार्च बुधवार को खेलने तथा होलिका दहन 7 मार्च मंगलवार की सुबह 4.30 बजे करने का निर्णय लिया गया। बैठक साकची स्थित माता महालक्ष्मी दादी मंदिर में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश कुमार कांवटिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अध्यक्ष सुरेश ने बताया कि डांडा रोपण 6 मार्च सोमवार सुबह बजे होगा। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम 8 मार्च की संध्या 6.30 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक होगा। बैठक में प्रमुख रूप से रामकृष्ण चौधरी (बीजू बाबू), ओम प्रकाश रिगसिया, पंडित पुरुषोत्तम जोशी, पंडित दीपक जोशी, पंडित बसंत जोशी, संतोष अग्रवाल, अशोक चौधरी, बजरंग अग्रवाल, शंभू खन्ना, अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी), पवन सिंघानिया, महावीर प्रसाद मोदी, सीताराम देबुका, सांवरमल अग्रवाल, सुशील सिंघानिया आदि उपस्थित थे।



## ईचागढ़ थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को ईचागढ़ थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा अध्यक्षता में शांति समिति कि बैठक आयोजित कि गई। बैठक में होली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने व भाईचारे के साथ होली मनाने व सड़क सुरक्षा को लेकर चर्चा किया गया। थाना प्रभारी गौरव कुमार मीश्रा ने बताया कि शांति समिति कि बैठक में समिति सदस्यों व पंचायत प्रतिनिधियों को होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का अपील किया गया। उन्होंने कहा कि होली में हुड़दंगियों, वाटसप पर गलत मैसेज भेजने व शराब के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कि जाएगी । वहीं आपस में अबीर गुलाल लगाकर होली का स्वागत किया गया। मौके पर प्रमुख प्रतिमा सिंह पातर, ईचागढ़ प्रमुख गुरू पद मार्डी, जिला परिषद सदस्य जोतीलाल मांझी, मुखिया राखोहरी सिंह मुण्डा, रामबालक सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।



## जेटसिंथेसिस के ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन ने पेश किया महामृत्युंजय मंत्र

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महामृत्युंजय मंत्र के द्वारा दर्शकों को वीडियो में गतिशील दृश्यों के साथ सोनू निगम द्वारा किए गए इस महान शक्तिशाली मंत्रोच्चारण में डूबने का मौका मिलेगा। महामृत्युंजय मंत्र की इस म्यूजिक वीडियो के बारे में बात करते हुए, सोनू निगम कहते हैं, बाजार में कई महामृत्युंजय मंत्र पाठ हैं, लेकिन मैंने अभी तक इसका पूर्ण संस्करण नहीं सुना है। मैंने इस विषय पर कुछ शोध किया और पाया कि महामृत्युंजय मंत्र जो की 2 भाग में होता है वह अपने दूसरे भाग के बिना अधूरा है। वही दूसरा भाग मैंने अपने संस्करण में शामिल किया है। मैंने इस महामृत्युंजय मंत्र को इसके सही अंकन और उच्चारण में पढ़ा है, जैसा कि मूल रूप से हमारे प्राचीन ऋषियों द्वारा कहा गया था। मेरे लिए पूर्ण संस्करण द्वारा निर्मित माहौल कल्पना से परे है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए जेटसिंथेसिस के संस्थापक और सीईओ, राजन नवानी ने कहा, हम सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ यह संस्करण शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। हनुमान चालीसा की अद्भुत सफलता ने हमें अपने श्रोताओं के लिए इस तरह के और अधिक गहरे अनुभव लाने के लिए प्रोत्साहित किया है और हमें उम्मीद है कि दर्शक महामृत्युंजय मंत्र के प्रति भी अनुकूल प्रतिक्रिया देंगे।



# विधायक ने विस में उठाया भूला में अधूरे बालिका आवासीय विद्यालय का मामला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने मंगलवार को बोड़ाम प्रखंड के लिए स्वीकृत भूला गांव में निर्माणाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय भवन का मामला विधानसभा में उठाया। सवाल का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि बोड़ाम प्रखंड के लिए स्वीकृत झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय फिलहाल भवन के अभाव में बोड़ाम में संचालित नहीं हो रहा है। भवन निर्माण का कार्य झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा भूला में किया जा रहा है। कार्यपालक निदेशक, झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के पत्रांक संख्या - 70/2022-416 दिनांक 30.01.2023 द्वारा पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति की मांग की गई है। प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने हेतु कार्रवाई की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023 -24 में झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के माध्यम से भवन निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। विधायक ने दूसरा सवाल सुंदरनगर, जमशेदपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का उठाया जहां बोड़ाम प्रखंड की छात्राओं को रखा जाता है। उक्त आवासीय विद्यालय में क्षमता से अधिक छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं और शौचालय एवं स्नानघरों की संख्या कम होने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसपर शिक्षा मंत्री ने जवाब में कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय बोड़ाम का संचालन सुंदरनगर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में किया जा रहा है। वर्तमान में बोड़ाम में 324 छात्राओं के नाम अंकित है। सुविधा के लिए सुंदरनगर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अतिरिक्त छात्रावास, शौचालय, स्नानागार एवं वर्गकक्ष का निर्माण कराया गया है।

**शून्यकाल में विधायक ने उठाया बोंटा में बिरसा आवास के निर्माण का मामला**

झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दौरान शून्यकाल में मंगलवार को विधायक मंगल कालिंदी ने बोड़ाम प्रखंड के बोंटा गांव के बांदरजलकोचा में पहाड़िया समुदाय के लिए स्वीकृत बिरसा आवास योजना के निर्माण कार्य में वन विभाग द्वारा रोक लगाने का मामला उठाया। विधायक ने कहा कि बोंटा पंचायत के बांदरजलकोचा स्थित दलमा की तराई में रहने वाले आदिम जनजाति के 14 पहाड़िया परिवारों को मिलने वाले बिरसा आवास निर्माण कार्य को वन विभाग ने रोक दिया है। जिसके कारण सात पहाड़िया परिवारों के लिए स्वीकृत बिरसा भवन निर्माण नहीं होने देने से मानवाधिकारों का हनन किया जा रहा है। विधायक ने लोकहित एवं जनहित में आवास निर्माण का मार्ग प्रशस्त कराने की मांग विधानसभाध्यक्ष से की है।

## केंद्रीय बजट की प्रति जलाकर बोड़ाम में सीपीआईएम ने किया विरोध प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** सीपीआईएम (मार्क्सवादी) की बोड़ाम लोकल कमिटी ने मंगलवार को बोड़ाम प्रखंड के कांकीडीह गांव में वित्तीय वर्ष 2023- 2024 की संसद में पेश किया गया बजट को किसान व मजदूर विरोधी बताते हुए उसकी प्रति जलाकर लोकल सचिव कॉमरेड गुरुपद महतो के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। कॉमरेड गुरुपद महतो ने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के मामले में पिछले बजट से कम राशि का आवंटन करने एवं खाद की सब्सिडी घटाने का जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। मौके पर कॉमरेड डोमन महतो, माणिक महतो, कालीपद महतो, हाबू महतो, कार्तिक महतो, आशुतोष महतो, सुमिता महतो, तारामोनी महतो, नियति महतो, झुरिबाला महतो, सजनी महतो, सुमित्रा महतो, बेदनी महतो , सुभद्रा महतो व लक्ष्मीकांत महतो आदि उपस्थित थे ।

## मानगो में पानी की समस्या से निजात के लिए मोबाइल नंबर जारी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड रांची के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में दिए निर्देश के आलोक में कार्यालय मानगो नगर निगम के द्वारा जल आपूर्ति को लेकर आवश्यक तैयारी किया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी ने खराब पड़े चापाकल को 1 सप्ताह के अंदर मरम्मती करने का निर्देश दिया है तथा जलापूर्ति के लिए अतिरिक्त पानी टैंकर स्टॉक में रखने का निर्देश दिया गया है। जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या हो उन क्षेत्रों में टैंकर से जलापूर्ति करने का निर्देश दिया गया। सहायक अभियंता संतोष कुमार को नोडल कर्मी नियुक्त करते हुए जलापूर्ति की समस्या को लेकर उनका मोबाइल नंबर एवं व्हाट्सएप नंबर जारी किया गया है। इनका मोबाइल नंबर है 6203884203 उक्त नंबर पर जलापूर्ति की समस्या को लेकर संपर्क किया जा सकता है।

## कांड्रा : होली में चप्पे चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कांड्रा :** होली में हुड़दंगियों की खैर नहीं, अश्लील और फूहड़ गाने पर रहेगा प्रतिबंध. रंग के इस त्योहार में अशांति फैलाने वाले पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उसे हवालात की हवा खानी पड़ेगी. अपरिचित पुरुष एवं महिला को रंग लगाना भी अपराध की श्रेणी में आएगा. शराब पीकर हुड़दंग मचाना, तेज वाहन चलाकर खतरे को आमंत्रित करने वाले हरगिज बख्शे नहीं जाएंगे. होली में चप्पे चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर. कांड्रा थाना प्रभारी ने शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में दोनों पर्व मनाने की अपील की. कांड्रा थाना परिसर में होली एवं शब्बे बारात को लेकर मंगलवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया.बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद ने की. उन्होंने जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों से असामाजिक तत्वों की पहचान कर प्रशासन को सूचित करने की अपील भी की.बैठक में मुख्यरूप से पूर्व जिला परिषद सदस्य पिंकी मंडल, रापचा मुखिया सुकमती मार्डी, हुदू मुखिया सुगी मुर्मू,उपमुखिया रीना मुखर्जी, वार्ड सदस्य अजीत सेन,पूर्व पंचायत समिति सदस्य होनी सिंह मुंडा, पूर्व मुखिया सुबोध सिंह,समाजसेवी राम महतो, लालबाबू महतो आदि उपस्थित थे।

## सरकारी भूमि व नाली अधिग्रहण मामले पर एसडीओ एवं सीओ को जांच का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आये फरियादियों की समस्याओं से उपायुक्त अरवा राजकमल आवेदन के माध्यम अवगत हुए।आज के इस कार्यक्रम में लगभग 60 लोग अपनी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। जिनमें से अधिकतर मामलों का उपायुक्त द्वारा त्वरित निष्पादन किया गया। जबकि कुछ मामलों के जांचोपरांत शीघ्र समाधान का निर्देश समनन्धित विभाग प्रमुखों को उपयुक्त द्वारा दिया गया। आदित्यपुर वार्ड संख्या 17 के वार्ड पार्षद ने वार्ड क्षेत्र कुछ लोगों द्वारा सड़क, पानी, बिजली एवं गैस पाइपलाइन कनेक्शन इत्यादि मुलभुत सुविधाओं को सुदृढ़ करने में किए जा रहे कार्य में रोक लगाने से अवगत कराया। जिस पर उपायुक्त ने संबंधित अंचल अधिकारी को उक्त मामले की जांच करने के निर्देश दिए। गम्हरिया एवं आदित्यपुर क्षेत्र में सरकारी भूमि एवं नाली अधिग्रहण संबंधित मामले पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को जांच उपरांत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## करीम सिटी कॉलेज में विज्ञान संकाय ने मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर करीम सिटी कॉलेज के विज्ञान संकाय ने एक कार्यक्रम कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया। सभा की अध्यक्षता विज्ञान संकाय के इंचार्ज डॉ आफताब आलम खान ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ एस एम यहिया इब्राहीम, डॉ शाहिद हाश्मी, डॉ खुर्शीद अनवर खान, डॉ तुफैल अहमद, डॉ पी सी बनर्जी, प्रो डीके सिंह, डॉ जे पी मिश्रा, डॉ बी पी सिंह ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं के बीच विज्ञान पर आधारित क्विज कंपेटीशन आयोजित किया गया जिसमें एम-1 दल के दो छात्र अभिषेक एवं अनंत को प्रथम पुरस्कार और जेड-1 दल के भूमिका एवं विकास को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। विद्यार्थियों का दूसरा कार्यक्रम विचार अभिव्यक्ति का था जिसमें हरप्रीत को प्रथम तथा आयशा नौशीन को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। सभा में प्रो एच के शाव, डॉ शशि प्रभा, प्रो नुजहत जहां, प्रो सानिया तहरीम, प्रो अरीबा फातिमा के अतिरिक्त कला संकाय के भी कई शिक्षक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ मोहम्मद मोइज अशरफ ने किया तथा डा असगर खान ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## होली को लेकर सदर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरायकेला :** आसन्न होली के त्योहार एवं शब- ए- रात को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर सदर थाना परिसर पर मंगलवार को शांति समिति की एक बैठक हुई। बैठक में थाना क्षेत्र के शांति समिति सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। अंचल अधिकारी सरायकेला सुरेश कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी नीतीश कुमार द्वारा शांति समिति के सभी सदस्यों को पूर्ववत शांति एवं सौहार्दपूर्ण पूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने हेतु अपील करते हुए उनसे सुझाव मांगे गए। पदाधिकारी द्वय द्वारा कहा गया कि त्योहार के समय समिति सदस्यों एवं बुद्धिजीवियों को संयम के साथ काम करना है।शांति समिति सदस्यों ने कहा कि सरायकेला में हमेशा आपसी सौहार्द्र के साथ त्योहार मनाये जाते रहे हैं इसे आगे भी कायम रखना है।अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ प्रतिनिधियों द्वारा कहा गया कि शब - ए -रात के दौरान मस्जिद से कब्रिस्तान तक आवागमन होता है, इस अवसर पर प्रकाश व्यवस्था सहित रात के समय तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण का उपाय किया जाय। बैठक में शांति समिति के दिलीप शंकर आचार्य, संजय चौधरी, गणेश गागराई, खलील अहमद, रविन्द्र मण्डल, सानो दास, मो जुबेर, अब्दुल कुद्दुश, अब्दुल रहमान, सनातन देवगम, मो इलियाश, माइकल महतो, दुर्गा हाईबरु एवं रंजीत बारीक सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## डॉ राजेन्द्र प्रसाद की पुण्य तिथि पर कांग्रेस ने दी उन्हें श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की पुण्य तिथि पर गम्हरिया कैम्प कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरीय जिला उपाध्यक्ष फुलकान्त झा ने कहा कि राजेन्द्र बाबू महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। वे भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे और उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वे सादगी और ईमानदारी के प्रतीक थे। इस मौके पर कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टीकेएम ने आकर्षक वित्तीय योजना की पेशकश के लिए इंडियन बैंक के साथ साझेदारी की

TOYOTA

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने भारत के अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंकों में से एक, इंडियन बैंक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है ताकि सभी के लिए आकर्षक वाहन वित्तपोषण विकल्प की पेशकश की जा सके।इसके तहत ग्राहक 90 प्रतिशत तक ऑन-रोड फंडिंग के साथ, बिना किसी प्रोसेसिंग शुल्क, फोरक्लोजर और पार्ट-पेमेंट शुल्क के लाभ ले सकेंगे। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग, अतुल सूद ने टाई-अप पर विस्तार से बताते हुए कहा, हम अपने सभी ग्राहकों को एक शानदार टोयोटा अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप इंडियन बैंक के साथ हाथ मिलाकर खुश हैं। यह सहयोग एक सुखद खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सरल वित्तपोषण विकल्प, परेशानी मुक्त अनुभव और समय पर सहायता प्रदान करना चाहता है। हमारा मानना है कि इस साझेदारी के साथ हम उन सभी ग्राहकों तक अपनी पहुंच बढ़ाने में सक्षम होंगे, जो टोयोटा वाहन के मालिक होने के इच्छुक हैं।

## होली के दौरान हुड़दंग करने वालों पर रहेगी कड़ी नजर : थाना प्रभारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** होली पर्व के मद्देनजर गम्हरिया थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक थाना प्रभारी सुषमा कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में रंगो के त्योहार होली को सौहार्दपूर्ण मनाने के लिए शांति समिति के सदस्यों से सहयोग करने की अपील की गई। इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि होली के दौरान हुड़दंग करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। होली के दौरान क्षेत्र में हर हाल में शांति व्यवस्था कायम रखा जाएगा तथा शरारती तत्वों को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अधिक आवाज में डीजे नहीं बजाने, जबरदस्ती किसी को रंग नहीं लगाने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने तथा होलिका दहन के दौरान विद्युत तार से दूरी बनाकर रखने की अपील आम लोगों से किया। इस मौके पर शांति समिति के सदस्यों द्वारा भी कई सुझाव दिए गए जिस पर अमल करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में गम्हरिया के अंचलाधिकारी मनोज कुमार, बीडीओ मारुति मिंज, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष छायाकांत गोराई, झामुमो नेता अमृत महतो, मुखिया सुकुमति मार्डी, रिंटू देवी, सविता हांसदा, कांग्रेस नेता राजू रजक, राजद नेता संजय सिंह, डीएन सिंह, रजनी तिवारी, संतोष तिवारी, ग्राम प्रधान विनोद महतो समेत काफी संख्या में सदस्य, पुलिस पदधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## होली व शब-ए-बारात को लेकर नीमडीह व चांडिल थाना में शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** नीमडीह थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी शंकराचार्य सामंड के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुआ। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, कुकडू प्रखंड प्रमुख प्रतिमा वाला पातर,थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, नीमडीह प्रखंड उप प्रमुख उपस्थित रहे। चांडिल थाना परिसर में चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा के अध्यक्षता में होली व शबे - ए - बारात को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से शांतिपूर्वक होली व शब - ए - बारात त्योहार शांतिपूर्वक मनाने का अपील किया। लोगों ने पदाधिकारियों से होली के दिन नियमित पानी आपूर्ति कराने का मांग किया। पदाधिकारियों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को दो दिन नियमित पानी आपूर्ति करने की बात कही। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि होली और अन्य पर्व त्योहारों में रात दस बजे के बाद तेज आवाज से डीजे नहीं बजायें, ऐसा करते हुए पाए जाने पर डीजे को जब्त किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। इस अवसर पर चांडिल के प्रमुख अमला मुर्मू, चांडिल थाना प्रभारी अजित कुमार, समाजसेवी राकेश वर्मा, मुखिया मंगल सिंह सरदार, भाजपा नेता बनु सिंह सरदार, रत्नाकर खैतान, विद्युत दा, अरूप सिंह, आशीष कुंडू, संजय चौधरी आदि उपस्थित थे।



## संक्षिप्त खबरें

### बनासो-बुडगड्डा सड़क का नवनिर्माण किया जायेगा

**विष्णुगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** माण्डू विद्यायक जयप्रकाश भाई के अथक प्रयासों से आज बनासो-बुडगड्डा सड़क की स्वीकृति सड़क परिवहन एवं राजमार्ग भारत सरकार मंत्री नितिन गडकरी ने पत्र के माध्यम से पिछले वर्ष 29 मार्च 2022 को संज्ञान में लेते हुए सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण की स्वीकृति दी। जानकारी देते हुए माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने बताया कि यह सड़क काफी जर्जर हो गई थी,जिससे आमजन को आवागमन में मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। सड़क के नवनिर्माण होने से राहगीरों को आसानी होगी ।इस पथ के निर्माण के लिए सेंट्रल रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड से 68.45 करोड़ का आवंटन किया गया है । मैं आप सभी जनता को बताना चाहूँगा की अपने माण्डू विधानसभा के प्रायः छोटी-बड़ी हर समस्या के समाधान के लिए भरसक प्रयास करूँगा ।करीब एक वर्षो के प्रयास से सड़क नवनिर्माण की सुखद घड़ी आ ही गई,जल्द ही सड़क निर्माण की प्रक्रिया आरम्भ होगी और आमजन को परेशानी से निजात मिलेगी । अंत मे मैं भारत सरकार मंत्री नितिन गडकरी का तहेदिल से धन्यवाद करता हूँ। इस तरह के विकास के कार्य से ग्रामीणों ने माण्डू विधायक के साथ नितिन गडकरी का भी आभार जताया ।

### हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के बाल चिकित्सा और निवारक दंत चिकित्सा विभाग में दिन मंगलवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य रूप से एचसीडीएसएच सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास, प्राचार्य डॉ. के. श्रीकृष्ण, उप प्राचार्य डॉ. अंकुर भार्गव एवं बाल चिकित्सा और निवारक दंत चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. बरुण दास गुप्ता शामिल रहे। इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा पीडो विज्ञान कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न आयु समूहों के 51 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मौखिक स्वच्छता और बाल चिकित्सा दंत चिकित्सा पद्धतियों पर थ्री डी मॉडल प्रदर्शित किया। साथ ही कम आयु वर्ग 5-8 वर्ष ने डेंटल पजल कार्यक्रम में भाग लिया एवं 9-12 आयु वर्ग के बच्चों ने डेंटल पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपने अभिभावकों के समक्ष अपना प्रदर्शन किया। उक्त अवसर पर प्रतिभागियों के माता-पिता को प्रोत्साहित किया गया और उन्हें ब्रश करने की आदतों एवं निवारक उपायों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में अच्छा प्रर्दशन करने वाले प्रतिभागियों को कॉलेज परिवार की ओर से सम्मानित व हौसला अफ़ज़ाई भी की गई। वहीं कार्यक्रम के बाद जरूरतमंदों को मुफ्त दांतों की जांच की गई। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में डॉ. अन्नपूर्णा आहुजा, डॉ. श्रीदेवी भोई, डॉ. प्रशांत पाटिल एवं डॉ. गणेश शामिल थें। इस मौके पर एचसीडीएसएच सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने समस्त प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में हर साल 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसी दिन महान भारतीय वैज्ञानिक सर सी. वी. रमन ने इफेक्ट की खोज की थी, जिसे रमन इफेक्ट के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में प्रत्येक दिन किसी न किसी रूप में साइंस का उपयोग होता है। साइंस का एक विस्तृत क्षेत्र है न कि मात्र फ़िज़िक्स और कैमिस्ट्रि है। अन्त में उन्होंने कहा कि सांइस के बिना हमारा देश उन्नति नहीं कर सकता है। कार्यक्रम के आयोजन एवं समन्वयन के रूप मेंबाल चिकित्सा और निवारक दंत चिकित्सा विभाग के रीडर डॉ. स्वाति सिंह (रीडर), वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. सीमा कमर एवं डॉ. करिश्मा गौतम ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

# उपायुक्त ने किया पतरातू प्रखंड का दौरा, दिए कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** G20 शिखर सम्मेलन 2023 के तहत 3 मार्च को जी 20 देशों से कई डेलीगेट्स के रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड के पतरातू लेक रिजॉर्ट आने के मद्देनजर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे एवं अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन के साथ पतरातू प्रखंड का दौरा किया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने तैयारियों का जायजा लेने के क्रम में अधिकारियों को डेलीगेट्स के आने के मद्देनजर



ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ रखने एवं सड़क के अगल-बगल किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अविलंब रूप से हटाने का निर्देश दिया।

पतरातू लेक रिसॉर्ट के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने डेलीगेट्स के स्वागत के लिए बनाई गई योजना की विस्तार से संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली वहीं उन्होंने अधिकारियों को सजग रह कर हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था, दण्डाधिकारियों/ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति एवं उन के माध्यम से सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न कराने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उपायुक्त ने 3 मार्च के लिए जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा जारी संयुक्त जिला आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का आयोजन

**रामगढ़ :** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर मंगलवार को जिला परिषद कार्यालय रामगढ़ के सभाकक्ष में मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों एवं मतगणना सूक्ष्म प्रेक्षकों के लिए द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों के द्वारा उपस्थित सभी मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों एवं मतगणना सूक्ष्म प्रेक्षकों को 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत मतगणना के दिन किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सभी को निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना के दिन किए जाने वाले कार्यों से संबंधित जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देने के क्रम में सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। मौके पर सभी को मतगणना के दिन भरे जाने वाले विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को भरने के संबंध में भी विभिन्न माध्यमों से जानकारी दी गई।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कोविड रोधी टीकाकरण शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग, हजारीबाग में कोरोना महामारी से बचाव के लिए कोविड-19 रोधी टीकाकरण शिविर मंगलवार को लगाया गया । इस शिविर में कोविड-19 रोधी टीका कोवैक्सिन का प्रथम ,द्वितीय एवं बूस्टर डोज लगाया गया।इस शिविर को व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार पाण्डेय , विद्यालय के आचार्य बंधु-भगिनी एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। सदरअस्पताल , हजारीबाग के करुणानिधि पांडे, DEO सह वेरीफायर , पूजा कुमारी एएनएम, शुभम कुमार ने भैक्सिनेशन का कार्य संपन्न किया। इस टीकाकरण शिविर का आयोजन सदर अस्पताल हजारीबाग के जिला समन्वयक डॉ उमेश कुमार,टीसीएलएफ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ ।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय शिवाडीह में विदाई समारोह का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के सांढ पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय शिवाडीह के प्रांगण में दसवीं वर्ग के बच्चों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप के मध्य जिप सदस्य सुनीता देवी उपस्थित हुई। विदाई समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजीत प्रसाद ने किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। मौके पर छात्रों को संबोधित करते हुए सुनीता देवी ने कहा के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए राह आसान नहीं होता है। इसके लिए कड़ी मेहनत के साथ लंबी संघर्ष



करनी पड़ती है। शिक्षा ग्रहण करने के लिए कोई शॉर्टकट राह नहीं है। सरकारी विद्यालय के बच्चे निजी विद्यालय के बच्चों से अपने आप को कम नहीं समझे। पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद ने कहा कि असफलता में ही सफलता छुपी रहती है। विदाई समारोह दुखदाई तो है लेकिन भविष्य उज्जवल बनाने के लिए आपको यहां से विदाई दे दी जा रही है। पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो ने कहा कि किसी भी विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में वहां के शिक्षक के साथ-साथ अभिभावकों का भी अहम योगदान होता है। विदाई समारोह में बाल संसद प्रधानमंत्री मुस्कान कुमारी, शिक्षक संतोष कुशवाहा, मोहम्मद खालिद अंसारी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बासमती कुमारी, प्रबंधन समिति सदस्य रेखा कुमारी, राजेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, श्वेता नायक, उषा कुमारी, अनिल कुमार दास, संतोष राम, कृष्ण मुरारी पांडे, कृष्ण दयाल महतो सहित सैंकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## श्री श्याम भक्त परिवार की भव्य शोभायात्रा व निशान ध्वज यात्रा कल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्री श्याम भक्त परिवार द्वारा आयोजित श्री श्याम फाल्गुन निशान ध्वज यात्रा एवं एकादशी कीर्तन की तैयारी अंतिम चरण में है।बुधवार को रानीगंज से प्रभु श्री श्याम का शीश हजारीबाग की पावन धरा पर लाया जाएगा। वही 2 मार्च को श्री राणी सती मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा के साथ निशान ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। जो शहर के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए पुनः मंदिर परिसर



पहुंचकर समाप्त होगी। शोभा यात्रा में सैकड़ों महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामे में शामिल होंगे। 3 मार्च को संध्या 6 बजे से मुनका बगीचा के प्रांगण में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें हजारीबाग के सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी के साथ कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक अनुराग वेदी, नेहा गुप्ता एवं किशन जी पधार रहे हैं। भव्य भजन संध्या के बीच मनमोहन श्रृंगार, इत्र वर्षा, सवामणी को भोग, फूलों की होली,अखंड ज्योत, छप्पन भोग एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## एनसीओईए ने अरगड्डा जीएम के साथ 6 सूत्री मांग पर की वार्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे से मंगलवार को एनसीओईए (सीटू) का प्रतिनिधिमंडल बीते 4 फरवरी को सौंपा गया,6 सूत्री मांगों पर वार्ता किया। इसमें एनसीओईए प्रतिनिधियों ने सैप के गड़बड़ियों के कारण वेतन भुगतान पर चर्चा की। इसमें होली के पूर्व वेतन भुगतान करने, कामगारों के पेमेंट भुगतान के पूर्व वेतन सिलीप देने। जिन मजदूरों का ज्यादा इनकम टैक्स कटा हैं, उसे वापस लौटा इस माह समायोजन करने। हर माह 5 तारीख को वेतन भुगतान करने। अंडर ग्राउंड पदनाम मजदूरों को जल्द उसी पद पर रेगुलाईज करने, ईबीआरएफ का भुगतान मृत मजदूरों के आश्रितों को तुरंत करने, इस फंड को एरिया में रखने बातें रखी गई। वहीं अरगड्डा जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने ने कहां कि सकारात्मक पहल करते हुए अप्रैल माह में पेमेंट सिलीप वेतन भुगतान के पूर्व



दिया जाएगा। बायोमैट्रिक आने पर सही काम होने पर हर महा एक तारीख को पेमेंट भुगतान का आश्वासन दिया। मैन पावर के बजट के अनुसार पद ले लिया जाएगा। मौके पर वार्ता में जीएम सुधांशु कुमार पांडे, एसओपी गिरीश चंद्र, यूनियन नेता अरुण कुमार सिंह, नागेश्वर महतो, देवनाथ महली, राजेश गुप्ता, अशोक करमाली, साबिर लच्छी राम, शाहबाज आलम, रामशरण, परमात्मा साव मिठाई लाल, ललित शाहजारा, विपीन झा, गजेंद्र कुमार, सूर्य प्रकाश पाल आदि सदस्य उपस्थित थे।

## मांडू बाजार पंचायत में माता शबरी पूजा मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मांडू बाजार ताड़ सुभाष स्टेडियम में भुइयां समाज मांडू की ओर से माता शबरी पूजा मनाया गया जिसमें मांडू चट्टी मुखिया श्रीमती अनीता देवी ने कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा देवी छतरपुर विधायक पलामू उपस्थित हुई मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज को शिक्षा से जोड़ना होगा बच्चों में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक शिक्षा से जुड़े शराब का सेवन से समाज दूर करें युवा शक्ति समाज के विकास में अपना योगदान दें कार्यक्रम की अध्यक्षता बालेश्वर भैया एवं संचालन रोहित भैया मां शबरी सेना संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष ने किया कार्यक्रम की मुख्य विशेष माता शबरी की पूजा अर्चना एवं आरती कर किया गया मंच में सभी अतिथियों को माला बैच और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अर्जुन नायक मुनीलाल भुइयां महेंद्र राम बिहारी निर्मल राम सुदर्शन राम सुदर्शन भैया दिलीप भैया रंजीत राम मुखिया अनीता देवी दीपक दास विजय राम प्रमुख चुरचू निरंजन प्रसाद नायक पंकज राम सूरज राम भैया अभिमन्यु पूजा कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार उपाध्याय दीपक कुमार सचिव लाल मोहन राम सा सचिव विजय कुमार कोषाध्यक्ष धनेश्वर साहू साहू कोषाध्यक्ष श्याम कुमार दिलीप कुमार सुनील कुमार वीरेंद्र कुमार उपाध्यक्ष नवरत्न कुमार महेश प्रसाद मोहम्मद मिस्टर आलम गोविंद कुमार एवं हजारों की संख्या में समाज के महिला पुरुष उपस्थित हुए एवं धाम के साथ समरी पूजा मनाया गया।

## मॉडर्न इंटर साइंस कॉलेज में विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मॉडर्न इंटर साइंस कॉलेज बड़कागांव में आईएससी के विद्यार्थियों के द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम एवं संचालन शिक्षक कुलदीप कुमार ने किया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए। इसमें विज्ञान से जुड़े कई रोचक और ज्ञानवर्धक मॉडल शामिल थे। विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों के द्वारा सीवी रमन के द्वारा किए गए कार्यों और अविष्कार का वर्णन किया गया। जिसमें आईएससी के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक विज्ञान का मॉडल प्रस्तुत कर विज्ञान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दीया एवं साइंस को बढ़ावा देने के लिए हर विद्यार्थी को प्रेरित करने का प्रयास किया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य मोहम्मद



इब्राहिम ने कहा की सीवी रमन का योगदान विज्ञान के क्षेत्र में जो रहा है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने भारत का मान, सम्मान को भी बढ़ाया है। कॉलेज के अन्य शिक्षक में मोहम्मद नईम, मोहम्मद सोहेल, महादेव कुमार, मोहम्मद सईद, अभय कुमार, रंजीत कुमार ने बारी बारी से राष्ट्रीय साइंस दिवस पर बच्चो को प्रेरित किया गया । मौके पर विद्यार्थियों में आशीष कुमार, दीपक कुमार, सुरेश कुमार,अनूप कुमार, मो आशिक, मो समीर, सोनम सबा, डिंपल भारती, सुहानी परवीन, शारदा कुमारी, उम्मे फातिमा, नंदनी कुमारी, पूजा कुमारी, शिवानी कुमारी, साक्षी कुमार, अंबिका संगम, आस्था कुमारी, सुलेखा कुमारी, अंजली कुमारी, निधि कुमारी, रूपा कुमारी, बीरेंद्र कुमार, उज्जवल कुमार, वीरेंद्र कुमार, नीरज कुमार, आदर्श कुमार, निखिल कुमार, चंदन कुमार, उदय कुमार, सागर कुमार, धनेश्वर कुमार, अनुराग कुमार,रंजीत कुमार सहित अन्य छात्र उपस्थित थे।

## सदर विधायक ने सदन पटल पर उठाया इको सैंसिटिव जोन का मुद्दा

**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दुसरे दिन सदर विधायक मनीष जायसवाल ने हज़ारीबाग ज़िले में इको सेंसिटिव जोन के मुद्दे को प्रखरता से सदन पटल पर रखा। उन्होंने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट इको सेंसिटिव जोन की दुरी 1 किलो मीटर के दायरे को रखता है जबकि झारखण्ड सरकार द्वारा यह दूरी 5 किलोमीटर थोपी गई है।इस फैसले से हजारीबाग जिले के विभिन्न प्रखंडों के 218 गांव प्रभावित हो रहे हैं,कई गांव विस्थापन की स्थिति में आ गये हैं, साथ ही इन गावों में उद्योग- धंधे बंद हो जाने से रोजगार के लाले पड़ गये हैं। ऐसा करने से भविष्य में कोई उद्योग- धंधे इस क्षेत्र में नहीं लग पाएंगे और वर्तमान में जारी निर्माण कार्य भी बंद कर दिया जाएगा। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की स्थानीय वन विभाग के अधिकारियों ने इन गांवों में अपना तांडव प्रारंभ भी कर दिया है।

## देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 60 वीं पुण्यतिथि, कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 60 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों के द्वारा उनके चित्र पर पुष्प तथा माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई




।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें विद्वान,किसान पुत्र एवं सरल हृदय सम्राट की संज्ञा दी।कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति बने रहने पर भी वे अहंकार से दूर कर्तव्यनिष्ठ बने रहे । सन् 1962 में अवकाश प्राप्त करने पर राष्ट्र ने उन्हें ÷ भारत रत्न ÷ की सर्वश्रेष्ठ उपाधि से सम्मानित किया ।मौके पर प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, अशोक देव, मीडिया प्रभारी निसार खान, सुनिल अग्रवाल, अजय कुमार सिंह, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, गुड्डु सिंह, राम सेवक सोनी, सुरजीत नागवाल, मनोज नारायण भगत, डॉ. प्रकाश कुमार, नरेश गुप्ता, रविन्द्र प्रताप सिंह, महिला कांग्रेस की बेबी देवी, कोमल कुमारी, रीतलाल मंडल, बाबर अंसारी, परवेज अहमद, सदरूल होदा, शिव कुमारी सोनी, शिव नंदन साहु, अर्जुन सिंह, अनवर हुसैन, मो. रब्बानी, खालिद मोहम्मद, विजय कुमार सिंह, धीरज कुमार यादव, भैया असीम कुमार, अजय कुमार महता, सैयद अशरफ अली, अफरोज खान, अनिल कुमार भुईया, कौशल कुमार सिंह, मो. मुस्ताक, राजू यादव, नरसिंह प्रजापति, कृष्णा कुमार यादव, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी समेत कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

## भामाशाह में दसवीं कक्षा के भैया-बहनों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** गया रोड स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दसवीं कक्षा के भैया-बहनों को विद्यालय परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक त्रिवेणी साहू,अध्यक्ष अमित कुमार, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, साहू समाज के पदेन मुखिया सदस्य सुरेश साव एवं प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नवम के भैया-बहनों द्वारा विदाई गीत एवं रंगमंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कक्षा दशम के भैया-बहनों ने विद्यालय में अपने बीते हुए पल के



अनुभव को बारी-बारी से रखा। कार्यक्रम की भूमिका आचार्य सुरेंद्र मंडल ने रखी और संचालन का कार्य राजू कुमार ने किया। संरक्षक त्रिवेणी साहू ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच के साथ जल की धारा की तरह निरंतर आगे बढ़ते जाए सफलता अवश्य मिलेगी। अतः कठिन परिश्रमी व हमेशा अच्छा करने की सोच रखें। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि आप इस स्कूल को छोड़ने और नए कारनामों को अपनाने की तैयारी कर रहे हैं। कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के महत्व को हमेशा याद रखें। दूसरों के प्रति दयालु रहें, विविधता को अपनाएं और दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें। साथ ही कोषाध्यक्ष रोहित कुमार और सदस्य सुरेश साव ने सभी भैया बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की। मौके पर कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य और कक्षा नवम व दशम के भैया-बहन उपस्थित थे।

## बरही के चकुरा टांड में बनेगा अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**बरही :** बरही के चकुराटांड मे बहुत जल्द ही अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय का कार्य होने की दिशा में प्रशासन ने बीते दिन बरही अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो की उपस्थिति में रसोईया धमना पंचायत के मौजा चकुरा टांड़ का निरीक्षण किया गया था। बरही सीओ ने बताया गया कि चकूराटांड के खाता संख्या 20 और प्लॉट संख्या 46 के 4 एकड़ जमीन न्यायालय और आवास निर्माण के लिए हस्तांतरित किया गया था, जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है। न्यायालय बनने की कार्य शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी। बताते चलें कि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने पहली बार बरही अनुमंडलीय में व्यवहार न्यायालय बनाने की आवाज सदन में उठाई थी। जिसे



पिछले बजट के सत्र में हेमंत सरकार के द्वारा ग्रीन सिंगनल देने का काम किया गया था। एक वर्ष के बाद ही भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण किए जा चुके हैं। इधर बरही वासियों में खुशी की देखी जा रही है। इस बात की चर्चाऐं है कि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव जनता की समस्याओं को सड़क से सदन तक आवाज उठाई गई थी। उसी का परिणाम है कि आज इतनी बड़ी उपलब्धि देखी जा रही है। अब बरही के स्थानीय लोगो अपने क्षेत्र में न्यायालय बनने से काफी राहत मिलेगी। इसके लिए पूर्व विधायक को आभार व्यक्त किया है।

## बरही 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक संपन्न

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखंड परिसर में स्थित सभागार में 20 सूत्री कायॅक्रम कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक का आयोजन 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में



सीओ और वन विभाग के अधिकारी को छोड़कर सभी अधिकारी शामिल हुए। वहीं मौके पर मौजूद अधिकारियों ने प्रखंड में चल रहे विभिन्न कार्यों से 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा को अवगत कराया। वहीं 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने प्रखंड में चल रहे कार्यों कार्यों की सूची को मांगा है। उन्होंने निम्न अधिकारियों से कहा की प्रखंड सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी से कहा की प्रखंड विकास से इंदिरा आवास निर्माणाधीन एवं आवंटित आवास का वर्तमान प्रकालन राशि तथा पूर्व का प्रकलन राशि की सूची उपलब्ध कराना एवं प्रखंड विकास में हो रहे कार्यों जैसे मनरेगा, पंचायत समिति, 15वें मद, मुखिया मद, विधायक मद एवं सांसद मद से चलाए जा रहे विकास योजनाओं का वित्तीय वर्ष 2021 - 22 तक निष्पादित कार्यों या वर्तमान में चल रहे कार्य की सूची उपलब्ध कराया जाए। जिससे कार्य की गुणवत्ता का भौतिक निरीक्षण एवं अनुश्रवण किया जा सके।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा० लि० 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो० न० 7004121786, 06513571957

## जेटसिंथेसिस के ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन ने पेश किया महामृत्युंजय मंत्र

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इस महामृत्युंजय मंत्र के द्वारा दर्शकों को वीडियो में गतिशील दृश्यों के साथ सोनू निगम द्वारा किए गए इस महान शक्तिशाली मंत्रोच्चारण में डूबने का मौका मिलेगा। महामृत्युंजय मंत्र एक मोक्ष मंत्र माना जाता है जो अमरता और दीर्घायु प्रदान करता है, ऐसा माना जाता है कि महामृत्युंजय मंत्र का मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक और गहरा प्रभाव पड़ता है।महामृत्युंजय मंत्र की इस म्यूजिक वीडियो के बारे में बात करते हुए, सोनू निगम कहते हैं, बाजार में कई महामृत्युंजय मंत्र पाठ हैं, लेकिन मैंने अभी तक इसका पूर्ण संस्करण नहीं सुना है। मैंने इस विषय पर कुछ शोध किया और पाया कि महामृत्युंजय मंत्र जो की 2 भाग में होता है वह अपने दूसरे भाग के बिना अधूरा है। वही दूसरा भाग मैंने अपने संस्करण में शामिल किया है। मैंने इस महामृत्युंजय मंत्र को इसके सही अंकन और उच्चारण में पढ़ा है, जैसा कि मूल रूप से हमारे प्राचीन ऋषियों द्वारा कहा गया था। मेरे लिए पूर्ण संस्करण द्वारा निर्मित माहौल कल्पना से परे है।

## सैमसंग गैलेक्सी एस23 सीरीज कस्टम डिजाईड चिपसेट और 200 मेगापिक्सल कैमरा के साथ भारत में बिकना शुरू

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सैमसंग की नयी फ्लैगशिप स्मार्टफोन सीरीज, गैलेक्सी एस23 की बिक्री 24 फरवरी, 2023 शुरू हो गई है। गैलेक्सी एस23 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस 23+ और गैलेक्सी एस23 डिवाइसेज ने पूरी एक पीढ़ी को पीछे छोड़ते हुए सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन प्रस्तुत किए है, जिनका पर्यावरण पर प्रभाव भी बहुत कम है। गैलेक्सी एस23 सीरीज़ खरीदने के इच्छुक ग्राहक सैमसंग.कॉम और चुनिंदा रिटेल आउटलेट्स से यह स्मार्टफोन आज से खरीद सकते हैं।गैलेक्सी एस23 अल्ट्रा में एडेप्टिव पिक्सल के साथ आल - न्यू 200 मेगापिक्सल का सेंसर है जो, बेहतरीन डिटेल्स के साथ इमेज कैप्चर करता है। सुपर क्वाड पिक्सल एएफ के साथ रियर कैमरा लक्ष्य पर 50त्न ज़्यादा तेज़ी से फोकस करता है। गैलेक्सी एस23 सीरीज के फ्रंट कैमरा में ड्यूल पिक्सल ऑटो फोकस टेक्नोलॉजी के साथ नाईटोग्राफी फीचर दिया गया है, जो कम रोशनी में भी फ्रंट कैमरा से बेहतरीन इमेज प्राप्त करने में मदद करता है। ड्यूल पिक्सल ऑटो फोकस टेक्नोलॉजी फ्रंट कैमरा से 60त्न ज़्यादा तेज़ फोकस प्रदान करती है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आकर्षक वित्तीय योजना की पेशकश के लिए इंडियन बैंक के साथ साझेदारी की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग, अतुल सूद ने टाई-अप पर विस्तार से बताते हुए कहा, हम अपने सभी ग्राहकों को एक शानदार टोयोटा अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप इंडियन बैंक के साथ हाथ मिलाकर खुश हैं। यह सहयोग एक सुखद खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सरल वित्तपोषण विकल्प, परेशानी मुक्त अनुभव और समय पर सहायता प्रदान करना चाहता है। टीकेएम में, हमारा दृष्टिकोण हमेशा बाजार की जरूरतों को सुनने तथा उत्पादों और सेवाओं को उचित रूप से पेश करने का रहा है जो हमारे ग्राहकों को असाधारण स्वामित्व अनुभव प्रदान करते हैं। हमारा मानना है कि इस साझेदारी के साथ हम उन सभी ग्राहकों तक अपनी पहुंच बढ़ाने में सक्षम होंगे, जो टोयोटा वाहन के मालिक होने के इच्छुक हैं। इसके साथ उन्हें वित्तीय मूल्य वर्धित सेवाओं का समर्थन भी मिलेगा। इस अवसर पर इंडियन बैंक के रिटेल एसेट्स के कार्यकारी निदेशक इमरान अमीन सिद्दीकी ने कहा, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड के साथ सहयोग से हमें देश भर में बड़ी संख्या में अपने ग्राहकों को तेजी से वित्तपोषण प्रदान करने में मदद मिलेगी।

### आदिवासी समाज के लोगों ने किया चुरचू अंचल कार्यालय का घेराव

## अंचलाधिकारी पर लगाया आदिवासियों की जमीन को दलालों को गलत तरीके से हस्तानांतरण करने का आरोप : ग्रामीण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चरही :** हजारीबाग जिला मुख्यालय से लगभग 18 किमी की दूरी पर स्थित चुरचू प्रखंड सह अंचल कार्यालय मंगलवार को हजारों की संख्या में प्रखंड के चुरचू एवं अंगो पंचायत के सभी ग्रामीणों ने घेराव किया । आपको बता दूं कि चुरचू और अंगो पंचायत आदिवासी बहुल पंचायत है । ग्रामीणों ने चुरचू अंचलाधिकारी शशि भूषण सिंह तथा अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी एवं अमीन पर गंभीर आरोप लगाए तथा कहा कि अंचल कार्यालय के लोग आदिवासियों के जमीन को दलालों के हाथो में गलत तरीके से हस्तानांतरण कर रहे है क्योंकि जिस जमीन पर वो उनके दादा परदादा रहते आ रहे है उस जमीन पर अब भूमाफिया पहुंच रहे है तथा उसे अपना जमीन बता रहे है जो की सरासर गलत है । वही उसी पंचायत के रहने वाले हाई कोर्ट के वकील बिरसा हंसदा ने कहा की पूरा चुरचू अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार से लिप्त है एवं के अंचलाधिकारी आदिवासियों की जमीन को हड़पने का काम कर रहे हैं तथा जमीन माफियाओं को गलत तरीके से आदिवासी जमीन स्थानांतरित कर रहे हैं अगर इसके लिए इससे भी बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा तो वह तैयार हैं तथा हर एक कानूनी लड़ाई लड़ने को तैयार है । इस दौरान चुरचू सीओ अपने ऑफिस में मौजूद नही थे परंतु आदिवासियों के आक्रोश को देखते हुए सुरक्षा दृष्टि से चुरचू थाना प्रभारी दल बल के साथ वहा मौजूद रहे।

## झारखंड पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झारखंड पब्लिक स्कूल खलारी मोहन नगर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया. विद्यालय के विज्ञान शिक्षक संदीप कुमार महतो एवं अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अपनी भाषण के दौरान प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक सी वी रमन की जीवन परिचय, उपलब्धियां, खोज पर चर्चा किय्या गया. इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को ये भी बताया कि प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को विज्ञान दिवस मनाया जाता है,और बच्चों को विज्ञान की तरफ रुचि बढ़ाने मूल मंत्र बताया गया. विद्यालय के शिक्षकगण रमेश कुमार महतो, नाजिया परवीन, सजिया परवीन सहित अन्य उपस्थित थे।

## झामुमो खलारी प्रखंड का बैठक, लपरा पंचायत कमिटी का गठन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झामुमो खलारी प्रखंड कमेटी का बैठक लपरा पंचायत के विकास नगर में झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान की अध्यक्षता व संचालन प्रखंड कोषाध्यक्ष जैनुल खान ने किया. बैठक में झामुमो कार्यकर्ता के साथ साथ कई ग्रामीण भी सम्मिलित हुए. बैठक में ग्रमीणों की समस्या पर चर्चा किया गया. झामुमो पदाधिकारीयों ने झारखंड सरकार के लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया. बैठक में झामुमो लपरा पंचायत कमेटी का भी गठन किया गया. जिसमे अध्यक्ष विजय मुंडा उपाध्यक्ष राजू यादव, मुमताज अंसारी, सचिव कैला मुंडा, संयुक्त सचिव सुनील कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सूरज उरांव, कार्यकारिणी में राजन राम, विकास चौधरी, सुरेश अरोरा, मनोज उराव, अनिल सिंह, धन्नोखि घटवार, राहुल गुप्ता, जीत पाहन, राजा चौधरी, रितेश गिरी, कुमारी देवी, सावित्री देवी, शांति देवी, सुनीता देवी, सरस्वती देवी, मीना देवी, रमिया देवी, सुधा देवी, लक्ष्मी देवी, काजल देवी, इंदु देवी, रुकमणी देवी, मुन्नी देवी, सुनीता देवी, मीना पाहन, शीला देवी, बुधनी देवी, रेखा देवी, रीना देवी, को फूल माला पहनाकर एवं झंडा देकर शुभकामनाएं दिया. बैठक में प्रमुख रूप से चितरंजन सिंह विशाल पासवान, नागेंद्र सिंह, शंभू दास, छोटू राम, कलमतिया भोक्ता सहित उपस्थित थे।

### विस्थापित प्रभावित एकता मंच की सात सूत्री मांग को सीसीएल ने मानी

## त्रिपक्षीय वार्ता के सकारात्मक पहल पर धरना स्थगित करने का निर्णय लिया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खलारी :** विस्थापित प्रभावित एकता मंच के द्वारा एनके जीएम को जेहली टांड़ ग्रमीणों के दिये गए सात सूत्री मांग को लेकर 12 नवम्बर 22 से लगातार धरना जारी रहा. मंच के तरफ से अपनी मांग को लेकर लगातार धरना जारी रहा. हक की मांग की लड़ाई में 98 वां दिन खलारी अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में अंचल कार्यालय में त्रिपक्षीय वार्ता किय्या गया. इस वार्ता में खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्या,एनके जीएम संजय कुमार,खलारी पुलिस उपाधीक्षक अनिमेष नैथानी,केडीएच परियोजना पदाधिकारी जे अब्राहम,जिला परिसद सदस्य सरस्वती देवी,पंसस खलारी किरण तिर्की,पूर्व मुखिया निर्मला उराँव सहित अन्य की अध्यक्षता में वार्ता हुई. वार्ता सत प्रतिशत सफल रहा. मंच की ओर से सात सूत्री मांग को पूरा करने की बात पर सहमति बनी. विस्थापित प्रभावित एकता मंच की ओर से लिखित तौर पर बताया कि आज से 01 मार्च से धरना स्थगित करने का निर्णय लिया गया. प्रभावित एकता मंच की क्या थी मांग– कोल डंप देकर सीसीएल विस्थापित प्रभावित ग्रमीणों को रोजगार की मांग,जेहली टांड़ ग्राम में 17 घरों का मुआवजा से सम्बंधित,जो डेंजर जॉन में है उसे तत्काल विस्थापित,व मस्जिद को सीसीएल के तरफ से बनाया जाय.सहित कई अन्य मांग सीसीएल से मांगा गया था. मौके पर देवलाल गंझू, इसराईल अंसारी, शहिद अंसारी , इम्तियाज अंसारी, ईशा प्रवीण, नांदो देवी, रामप्रीत यादव, सीमा कश्यप, अनवर हुसैन, शहीद अंसारी, इसराइल अंसारी, संतोष रजक, नसीम अख्तर, अनिल गुप्ता, तस्लीम अंसारी, हरी प्रजापति, हसन अंसारी, साबिर अंसारी, सद्दाम अंसारी, शिबू महली, अनवर अंसारी, आशिक रजवी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## होमगार्ड के नव नामांकन के लिए सफल अभ्यर्थियों की मेधा सूची प्रकाशित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** विज्ञापन संख्या 01/2018 के आलोक में जिले में 12 दिसंबर से 5 जनवरी 2023 तक होमगार्ड के नव नामांकन हेतु शारीरिक जांच परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसकी प्रारंभिक मेधा के उपरांत अखंड बार रिक्त पद की संख्या के आधार पर टेबुलेशन चार्ट में प्राप्तांक के आधार पर सफल अभ्यर्थियों की सूची साहिबगंज जिले की ऑफिशियल वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। बता दें कि झारखंड गृह रक्षा वाहिनी मुख्यालय रांची यह कंडिका 2 (ख) के आलोक में शहरी गृह रक्षकों के रिक्त पद 50% पद तकनीकी दक्ष उम्मीदवारों के लिए है। योग्य उम्मीदवार न मिलने पर गैर तकनीकी/तकनीकी दक्ष एक की रिक्ति एक- दूसरे से भरी गयी है।*साथ ही झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के नियमावली 2014 के कंडिका 4 (द्ब1) के आधार पर पुरुष एवं महिला का पुरुष 50त्न एवं महिला 50त्न के आधार पर नव नामांकन की प्रक्रिया की गई है। मेधा सूची में प्राप्तांक समान रहने पर उम्र के आधार पर एवं प्राप्तांक एवं उम्र समान रहने पर शैक्षणिक योग्यता के आधार पर एवं उपरोक्त तीनों समान रहने पर अधिक ऊंचाई वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी गई है।

## एनके जीएम संजय कुमार ने पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय डकरा से महावीर नगर कॉलोनी तक जाने वाली सड़क का शिलान्यास एनके महाप्रबंधक संजय कुमार ने फीता काट व नारियल फोड़ कर किया गया. सड़क की लंबाई लगभग 600 मीटर की है. जिसका लागत सड़क का निर्माण के लिये 60 लाख रुपये खर्च कर किया जा रहा है।


**झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग**

**मुख्य अभियंता का कार्यालय,**

**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

पत्रांक– दिनांक–

**निविदा स्थगन संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जामताड़ा के निविदा आमंत्रण संख्या– **291/2022-23/RWD/JAMTARA,** दिनांक– 11.02.2023, **PR NO.-290025** के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/JAMTARA/15/SRPKG-02/2022-23** की निविदा को परिणाम विपत्र (Bill of Quantity) पर अनुमोदन प्राप्त नहीं होने के कारण स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी

ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 291493 Rural Work Department (22-23)_D



**e-Procurement Cell**

**Office of the Superintending Engineer,**

**Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi**

**e-Procurement Notice**

**(Very Urgent)**

**Tender Reference No.-BCD/SECNC/40/BCD, Building Div. No.-1, Ranchi/2022-23 Date:-28-02-2023**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation with Provision of Car Shed in the Campus of Jharkhand High Court Doranda, Ranchi (High Court Pool) for the Year 2022-23 | Rs.98,81,250.00 | 4 (Four) Months | 10.03-2023 | 18.03.2023 11:00 AM | 18.03. 2023 11:30 AM | 20.03. 2023 11:30 AM | Office of the Superintending Engineer, Building Construction epartment, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi | 0651-2200049 | 0651-2200049 |

○ इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना / बदलाव / संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

***Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for the Bidders.***

नोडल पदाधिकारी

भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अँचल, राँची।

PR.NO.291509 Building Construction Dept Chotanagpur Circle (22-23):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।**

e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, 06562-240100 (का0)

पत्रांकः–127 / मेदिनीनगर, दिनांकः–25.02.2023 /

**निविदा रद्द संबंधी सूचना**

इस कार्यालय का पत्रांक–881, दिनांक–22.10.2022 के द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**WRD/MID/MEDININAGAR/F2-12/2022-23** जिसका **PR No.-280750 Water Resource (2022-23) D** है, निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता

लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 291445 Water Resource(22-23)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**लघु सिंचाई प्रमण्डल,मेदिनीनगर**

**e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, 06562-240100 (का0)**

पत्रांकः–130 / मेदिनीनगर, दिनांकः– 25.02.2023 /

**निविदा रद्द संबंधी सूचना**

इस कार्यालय का पत्रांक–884, दिनांक–22.10.2022 के द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/MEDININAGAR/F2-15/2022-23 जिसका PR No.-280754 Water Resource (2022-23) D है, निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता

लघु सिंचाई प्रमण्डल,मेदिनीनगर

PR 291439 Water Resource(22-23).D



**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी**

**जिला - सिमडेगा**

**शुद्धि पत्र**

आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों (School of Excellence) एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में संविदा आधारित शिक्षकों के चयन हेतु विभिन्न सामाचार पत्रों में **PR- 291225 प्रकाशित है, जिसको निम्न प्रकार से पुनः संशोधित किया जाता है, तथा शेष शर्तें यथावत रहेंगे।**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 697 दिनांक 15.03.2022 के अनुरूप उपायुक्त –सह– अध्यक्ष, जिला स्तरीय चयन समिति के आदेशानुसार आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत जिले के निम्नांकित उत्कृश्ट विद्यालयों (School of Excellence) एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों जिन्हें राज्य सरकार की महत्वकांक्षी आदर्श विद्यालय योजना के अन्तर्गत गुणवत्त शिक्षा के केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है में अल्पकालीन संविदा आधारित स्नातकोत्तर प्रशिक्षित एवं स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के चयन हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन निम्न अंकित शर्तों के अधीन आमंत्रित किए जाते हैं :–

| Sl. No. | Subject | PGT Category eise Vacancy: Total No. of Vacant Posts | UR | BC/ BC-II | MBC/ BC-I | ST | SC | Subject | TGT Category eise Vacancy: Total No. of Vacant Posts | UR | BC/ BC-II | MBC/ BC-I | ST | SC |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Hindi | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Hindi | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 2 | English | 4 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | English | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | Sanskrit | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | Urdu | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 4 | History | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | Mathematics/ Physics | 7 | 4 | 0 | 0 | 3 | 0 |
| 5 | Geography | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | Biology/ Chemistry | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 6 | Economics | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Geography | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | Mathematics | 5 | 3 | 0 | 0 | 2 | 0 | History/ Civics | 11 | 6 | 0 | 0 | 4 | 1 |
| 8 | Physics | 5 | 3 | 0 | 0 | 2 | 0 | Sanskrit | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | Biology | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | Economics | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | Chemistry | 4 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | Commerce | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | Commerce | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | Physical Education | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 12 | | | | | | | | Home Science | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | | | | | | | | Mundari | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | | | | | | | | Kharia | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | | | | | | | | Nagpuri | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **Total** | | **27** | **17** | **0** | **0** | **10** | **0** | **0** | **29** | **17** | **0** | **0** | **11** | **1** |

1. **अहर्ता :–**
2. **आवेदन करने की प्रक्रिया :–**
   i. योग्य अभ्यर्थियों द्वारा विहित प्रपत्र (आवेदन का प्रारूप परिशिष्ट 'ख' के रूप में संलग्न) में आवेदन संबंधित जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के कार्यालय में आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा दिनांकः– 15.03.2023 के अपराह्न 05.00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। साधारण डाक से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
   ii. चयन हेतु विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन प्रपत्र का प्रारूप जिले के अधिकारिक वेबसाईट **simdega.nic.in** पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्ष पदाधिकारी

सिमडेगा

PR 291456 Primary Education (22-23)_D



**झारखण्ड सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग,**

**मुख्य अभियंता का कार्यालय,**

**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

पत्रांक– दिनांक–

**निविदा स्थगन संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **सिमडेगा** के निविदा आमंत्रण संख्या– **279/2022-23/RWD/SIMDEGA,** दिनांक– 09.02.2023, **PR NO.-289830** के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/SIMDEGA/11/SRPKG-01/2022-23** एवं **RWD/SIMDEGA/12/SRPKG-02/2022-23** की निविदा को परिणाम विपत्र (Bill of Quantity) पर अनुमोदन प्राप्त नहीं होने के कारण स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी

ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 291465 Rural Work Department(22-23).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**

**पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, राँची**

**निविदा शुद्धि–पत्र सूचना**

**टेन्डर रेफरेंन्स नं0:– प0नि0वि0 / राँची–48 / 2022–23**

पथ प्रमंडल, राँची अन्तर्गत **PRNo.291379(22-23)#D** से विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित Consultancy services for preparation of DPR for construction of Flyover from Harmu Chowk via Sahjanand Chowk to ahead of Ratu road Chowk कार्य के निविदा सूचना को निम्नलिखित रूप से संशोधित किया जाता है :–

| | | पूर्व प्रकाशित नाम | संशोधित नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Consultancy services for preparation of DPR for construction of Flyover from Harmu Chowk via Sahjanand Chowk to ahead of Ratu road Chowk. | Consultancy services for preparation of complete Land Acquisition Proposal with ownership details and computation of cost of acquired land as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal & Forest Diversion Proposal including clearance of all stages as required for construction of Flyover from Harmu Chowk via Sahjanand Chowk to ahead of Ratu road Chowk (Approx Length 3.00KM) at Ranchi district in the state of Jharkhand from Consultant's empanelled in Appropriate Category with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no - 3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |

शेष शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता

पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची।

PR.NO.291479 Road Construction Dept Road Division Ranchi(22-23):D

## नयन रंजन को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी संकुल परिवार बोर्ड मध्य विद्यालय




की और से आज मंगलवार को संकुल साधन सेवी के पद से नयन रंजन सिन्हा की सेवानिवृत्त होने के शुभ अवसर पर विदाई सह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंडों के सभी शिक्षक शामिल हुए। बताया जाता है कि संकुल साधन सेवी नयन रंजन सिन्हा आज अपने पद से सेवानिवृत्त हुए इन्होंने अपने कार्यों के प्रति सदा निष्ठावान होकर काम का निर्वहन किया सभी शिक्षकों की समस्याओं को ससमय निपटाने में सदैव तत्पर रहे । इनके कार्यों से शिक्षा जगत में आज भी लोग इनकी प्रशंसा करते हैं इनके सेवानिवृत्त पर कई शिक्षकों के आंखों में आंसू भी निकल पड़ा। लोगों ने इनके कार्यों के प्रति सदैव याद रखने की बात कही। इस विदाई सह स्नेह मिलन समारोह में मुख्य रूप से समाजसेवी सह अभिभावक हरि प्रसाद लाला को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया वही मौके पर कोल्हर मुखिया विजय कुमार मंडल, सेवानिवृत्त शिक्षक अखिलेश सिंह, बद्री प्रसाद चौधरी, संकुल साधन सेवी प्रवीण कुमार गुप्ता, शिक्षक पंकज कुमार टुंडी बी.पी.ओ.उमेश पासवान, गोतम दास वरिष्ठ बी.आर. पी मनोज कुंभकार, कुमार गौरव, धनंजय मंडल,सी.आर.पी.हरिमोहन मुखर्जी सहित प्रखंड के सभी शिक्षक एवं सहायक शिक्षक शामिल थे।

## विदाई समारोह का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्रम अधीक्षक हरेन्द्र कुमार सिंह की



सेवा-निवृत्ति के अवसर पर धनबाद के बरताड़ स्थित श्रमायुक्त कार्यालय मे एक बिदाई समारोह का आयोजन हुआ। मौके पर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान, प्रसिद्ध व्यवसायी रजनीश कुमार, भागवत कुमार, भारतीय मजदूर संघ के बिन्देश्वरी प्रसाद, असंगठित मजदूर संघ झारखंड के अध्यक्ष मोहम्मद मोफिज़ साहिल, बैंक मोड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सुदर्शन जोशी, सुरेन्द्र अरोड़ा एवं प्रभात सुरोलिया, बरताड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जे पी सिंह और मधुरेंद्र सिंह, श्रमिक मित्र लक्ष्मण कुमार शर्मा तथा कार्यालय के समस्त पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। सभी ने श्रम अधीक्षक हरेन्द्र कुमार सिंह को शॉल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ उन्हें बिदाई दी। वहीं सम्मान से अभिभूत श्रम अधीक्षक हरेन्द्र कुमार सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार एवं प्रवीण कुमार तथा कार्यालय के सभी कर्मियों एवं श्रमिक मित्रों की सराहनीय भूमिका रही।

## प्रारंभ हुआ मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के नवडीहा ओपी अंतर्गत गोल्हैया गाँव में दुर्गा मंदिर श्री श्री 108 मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाला गया। मंदिर प्रांगण से 101 युवती एवं महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया जिसको आचार्य श्रीबासुकी नाथ पांडे वैदिक मंत्र उच्चारण करके जल यात्रा प्रारंभ किया जल यात्रा गोल्हैया मंदिर से होकर चोरा होती उत्तरवाहिनी नदी के अरगाघाट से जल भरकर पुनः मंदिर पहुंचा। जल यात्रा में सभी मां दुर्गा के भक्त भगवान वस्त्र में नजर आ रहे थे वही जय श्री राम, जय माता दी के नारा से पूरा यात्रा भर गूंज उठा। कलश यात्रा में कांग्रेस नेत्री डॉ मंजू कुमारी, जीप अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष वर्मा ,सियाटांड़ मुखिया महेंद्र कुमार वर्मा, भाजपा नेता विनय वर्मा, कांग्रेस नेता रामानंद कुशवाहा संजय कुशवाहा एवं कई मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे।

## रक्तदान शिविर का उद्घाटन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को गिरिडीह विश्वनाथ नर्सिंग होम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सिविल सर्जन शिव प्रसाद मिश्रा के द्वारा किया गया। वही मौके पर डॉ एसश केश डोकानिया, उषा डोकानिया, डॉश नीरज डोकानिया, रक्त अधिकोष के प्रभारी चिकित्सक डॉश शोहल अख्तर अंसारी, रेड क्रॉस के चेयरमैन मदन विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष डॉश तारकनाथ देव, कौषाध्यक्ष दिनेश खेतान एवं रेड क्रॉस के विकास खेतान, निर्मल कुमार, श्रेय क्लब के सचिव रमेश यादव, टेकनीसियन संत कुमार, सरिता सिन्हा, सुनील यादव, सुधीर कुमार वर्मा, एजाज अहमद आदि मौजूद होकर अपना योगदान दिया।

## सरिया टेन प्लस टू हाईस्कूल में प्रमुख ने किया पाठ्य पुस्तक का वितरण

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया टेन प्लस टू हाईस्कूल में






**छात्र छात्राएं देश की रीढ़ है : प्रीति कुमारी**

मंगलवार को एक कार्यक्रम का आयोजन कर वर्ग नवम से बारह तक के छात्र छात्राओं के बीच पुस्तक व कॉपी का वितरण किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरिया प्रमुख प्रीति कुमारी रही। प्रमुख ने छात्रों को अपने सम्बोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी स्कूल व कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों खासकर छात्राओं पर सारी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है जिसमे पढ़ने के लिए किताब कॉपियां स्कूल ड्रेस,भोकेशनल पढ़ाई,सिलाई बुनाई,बड़े कल कारखानों की टूर करवाना,कम्प्यूटर शिक्षा इत्यादि शामिल है बस आपको सिर्फ परिश्रम करना है साथ ही आप सब अपने परिवार समाज व देश की भविष्य है इसलिए आपसब जागरूक रहते हुए उज्वल भविष्य की ओर बढ़े। प्रमुख प्रीति कुमारी के अलावे प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संदीप तर्वे,उपाध्यक्ष ममता शर्मा प्रमुख के प्रतिनिधि रंजीत मंडल ने भी वितरण का कार्य किया। इस अवसर पर प्राचार्य खूबलाल पंडित,निर्णय कुमार,दिलीप कुमार,टुपलाल प्रसाद समेत कई शिक्षक शामिल रहे।

# बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण, अधिकारी बने मूकदर्शक

## महीनों से खराब पड़ा है जल मीनार, नदी के पानी पर निर्भर पूरा गांव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गावां :** जहां एक तरफ सरकार लोगों की सभी समस्या का निदान करने में लगी है वहीं लंबे समय से दावा किए जा रहा है। सफेद हाथी का दांत साबित हो रहा है जल मीनार कई महीनों से बंद पड़ा है पानी की समस्या को लेकर सरकार हमेशा चिंतित रहती है तथा जल नल योजना के नाम पर करोड़ों का खर्च सरकार के द्वारा किया जाता है उसके बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं दिख रहा इसका जीता जागता उदाहरण आपके गिरिडीह जिला के गावां प्रखंड अंतर्गत पिहरा पश्चिमी पंचायत का निमाडीह गांव मैं लगा जल मीनार है। पूरे प्रखंड में जितने जगह सोलर जल मीनार लगाए गए हैं चालू होने के कुछ महीने बाद ही बंद एवं खराब होने की सूचना प्राप्त हो रही है कहीं बिजली बोर्ड जल गई है तो कहीं मोटर खराब हो गया है तो कहीं सोलर प्लेट ही गायब है तो कहीं ना कहीं सोलर जल मीनार एवं भ्रष्टाचार पर बड़ा सवाल उठ रहा है नीमाडीह गांव गांवां प्रखंड के अंतिम छोर में स्थित है जोकि बहुत सुदूरवर्ती क्षेत्र में बसा हुआ है इस जनवरी-फरवरी में बढ़ती गर्मी को देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि मार्च और अप्रैल की गर्मी में तो नदी भी सूख जाएगी, तब इन ग्रामीणों का क्या हाल होगा जोकि नदी के पानी पर आश्रित हैं इस गांव की स्थिति इतनी बदहाल है !कि यहां की महिलाएं बच्ची पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण खुले वातावरण में स्नान करने पर मजबूर हैं। खाना बनाने कपड़ा धोने एवं पीने की पानी भी नदी एवं चुआं खोदकर अपनी प्यास बुझाते हैं.

वही ग्रामीणों से पूछने पर सरजुन प्रसाद यादव ने कहा कि बढ़ती गर्मी में नदी का पानी भी सूख जाता है और मुख्यमंत्री जल नल योजना खराब हो जाने के कारण हम लोग के पास पानी पीने का कोई भी साधन नहीं होता है जिससे हम लोग गर्मी के मौसम में पूरे ग्रामीण त्राहिमाम त्राहिमाम करने लगते हैं वही विभाग एवं जनप्रतिनिधि हम लोगों का हाल-चाल तक लेने नहीं आते हैं

वही सावित्री देवी ने कहा कि नल जल खराब हो जाने से हम लोगों को पानी पीने एवं नहाने में काफी परेशानी होता है हम लोगों की बेटी बहू खोलें वातावरण में नहाने पर मजबूर हो जाती है हम लोगों को कपड़ा भी इसी नदी के पानी से धोना पड़ता है और पानी पीने के लिए भी इसी नदी के पानी का प्रयोग करना पड़ता है दुख तो तब होता है जब कोई गांव में गर्भवती महिला हो और उसे भी इसी नदी से 1 किलोमीटर की दूरी तय करके पानी भरने के लिए आना पड़ता है क्षेत्र के नेता सिर्फ चुनाव के समय लंबे-लंबे और बड़े-बड़े वादा करते हैं और चुनाव जीतने के बाद दिखते तक नहीं हैं।

वहीं छोटे नन्हे मुन्ने बच्चे से पूछने पर उन्होंने बताया कि पानी नदी से भरकर 1 किलोमीटर की दूरी तय कर माथे पर पानी रखकर ले जाते हैं तब उनके यहां खाना बन पाता है।

वहीं ग्रामीण महिला सकुंती देवी ने कहा कि लगभग 6 महीने से मुख्यमंत्री जल नल योजना खराब है जिसको देखने के लिए ना कोई जनप्रतिनिधि ना कोई विभाग से जुड़े अधिकारी पहुंचे हैं हम लोग जल के बूंद बूंद के लिए तरस रहे हैं।

वहीं निमाडीह गांव के पश्चिमी पंचायत के मुखिया अमित कुमार का कहना है कि पीएचडी विभाग को कई बार सूचित किया गया लेकिन विभाग के द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई विभाग की लापरवाही के कारण पूरे क्षेत्र में जल की घनघोर समस्या उत्पन्न हो रही है।

## बीसीसीएल ने 2000 बोरा कोयला किया जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मधुबन :** मधुबन थाना क्षेत्र बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र संख्या 3 के अंतर्गत महेशपुर कोलियरी के हॉस्पिटल के पीछे चल रहे अवैध उत्खनन स्थल को डोजरिंग कर बीसीसीएल एवं सीआईएसएफ ने संयुक्त छापामारी कर दो हजार कोयला के बौरा जब्त किया है परियोजना पदाधिकारी विजय कुमार मैनेजर नारायण हांसदा ने बताया बीसीसीएल के कोलियरीओं में किसी कीमत पर अवैध उत्खनन नहीं चलने दिया जाएगा जब्त कोयला महेशपुर कोलियरी डीपो में गिराया उल्लेखनीय है कि हल में ही गोविंदपुर एरिया 3 में प्रशासनिक पदाधिकारी सीआईएसएफ एवं बीसीसीएल की संयुक्त बैठक के बाद यह कार्रवाई की गई है डोजजरिंग किए जाने के बाद कोयला चोरों में हड़कंप व्याप्त है।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

**समस्याओं के निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश**

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, बकाए वेतन, जमीन बंदोबस्ती की मांग, राशन कार्ड, मुआवजा, अवैध खनन, जलापूर्ति, लोन माफी, पारिवारिक विवाद, सड़क निर्माण, साइबर क्राइम से संबंधित आवेदन आए। जनता दरबार में धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 19 से आए इमरान अहमद ने जलापूर्ति से संबंधित शिकायत उपायुक्त से की। उन्होंने बताया कि वार्ड 19 के गद्दी मुहल्ले में पिछले तीन वर्षों से जलापूर्ति नहीं हो रही है। करीब 4 वर्ष पहले मोहल्ले में पाइप लाइन बिछाई गई थी लेकिन टेस्टिंग के बाद उससे जलापूर्ति नहीं हो रही है। उन्होंने बताया की सभी मोहल्ले वासियों ने पानी का कनेक्शन लिया हुआ है और नियमित रूप से अपने पानी कनेक्शन के चार्ज का प्रति माह के हिसाब से भुगतान भी कर रहे हैं। लेकिन उनके घर में लगे नल से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। उपायुक्त ने इस मामले को नगर आयुक्त को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। इस दौरान बरोड़ा थाना क्षेत्र से आए गोविंद यादव ने बीसीसीएल बरोरा एरिया-1 के महाप्रबंधक पर जबरन उत्खनन की शिकायत लेकर उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी 2.5 एकड़ जमीन पर बीसीसीएल जबरन उत्खनन कार्य कर रहा है। उत्खनन कार्य रोकने पर महाप्रबंधक और सीआईएसएफ बल मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। साथ ही महाप्रबंधक द्वारा झूठे मुकदमे और डैमेज सूट में फंसाने की धमकी दी जाती है। उपायुक्त ने इस मामले को बाघमारा अंचलाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस व अन्तर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 विषय पर

## विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**जागरूकता रैली का उद्घाटन, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर किया**

प्रभात मंत्र संवाददाता




**धनबाद :** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 28 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस व अन्तर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 विषय पर हाई स्कूल कर्माटांड़, बलियापुर प्रखंड में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कर्माटांड़ की मुखिया श्रीमती सुलोचना देवी एवं विशिष्ट अतिथियों मे अनुमंडल कृषि पदाधिकारी धनबाद, कंचन कुमारी एवं कर्माटांड़ पंचायत समिति सदस्या पारूल देवी, पूर्वी एवं पश्चिमी के पंचायत समिति सदस्य धनंजय मिर्धा एवं स्कूल के प्राचार्य आशीष कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राज किशोर पासवान ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुआ। छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस व मोटा अनाज वर्ष 2023 पर विज्ञान प्रदर्शनी के साथ साथ मोटा अनाज पर बच्चों द्वारा पोस्टर पेंटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने काफी उत्साह पूर्वक भाग लिया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने गीत नाटक के माध्यम से मोटा अनाज वर्ष 2023 पर मंचन कर लोगों को जानकारी दी। साथ में विज्ञान प्रदर्शनी में प्रोजेक्ट के माध्यम से स्थानीय लोगों एवं छात्र छात्राओं को जानकारी मिली। उत्साहित बच्चों को विभाग के द्वारा पुरस्कृत किया गया इस कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन विनीता सिन्हा द्वारा किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता में मोटा अनाज से होने वाले विभिन्न लाभों को अपने चित्रों द्वारा छात्रों ने प्रदर्शित किया।

## जितेंद्र कुमार ने मिमिक्री में जिता तृतीया पुरस्कार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया पंचायत ग्राम झांझ निवासी सहायक शिक्षक नागेश्वर प्रसाद वर्मा का पुत्र जितेन्द्र कुमार ने रांची विश्वविद्यालय का थियेटर ( मिमिक्री ) में प्रतिनिधित्व करते हुए जैन विश्वविधालय , बेंगलुरु में आयोजित जैन उत्सव 36 वाँ अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेकर मिमिक्री में तृतीय स्थान प्राप्त कर बिरनी गिरिडीह समेत रांची विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया. बताते चलें कि इसमें पुरे भारत से लगभग 125 विश्वविधालय ने भाग लिया था जो कार्यक्रम बीते 24 फरवरी से 28 फरवरी तक जैन विश्वविधालय के कैंपस में चला जिसमें अन्य प्रकार के भी इवेंट शामिल थे. जितेंद्र कुमार ने अपने माता- पिता, बडे भैया रणधीर कुमार ,गुरु दीपक झा, टीम मैनेजर डॉ पूनम निगम सहाय, सुजीत कुमार शर्मा समेत सभी शुभचिंतकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह जीत लंबे संघर्ष और मेहनत की जीत हैं बताते चलें कि राष्ट्रीय स्तर पर जितेंद्र का यह दुसरा पुरस्कार हैं इसके पहले वह 23 जनवरी को झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए संसद भवन दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात कर चुके हैं।

## ग्रीन राशन कार्ड धारियों के भी बनेंगे आयुष्मान कार्ड : सिविल सर्जन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आयुष्मान भारत के तहत मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने किया। यह रैली सिविल सर्जन कार्यालय से होते हुए धनबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंची। सिविल सर्जन ने कहा कि पहले लाल और पीला राशन कार्ड धारियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा था, लेकिन अब सरकार के नए नियमों के आलोक में ग्रीन राशन कार्ड धारियों का भी आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए आयुष्मान मित्र, संबंधित क्षेत्र की सहिया, आंगनबाड़ी कर्मियों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को घर-घर जाकर कार्ड बनाने के लिए लगाया जा रहा है।

## देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद आधुनिक भारत के निर्माता थे : संतोष

प्रभात मंत्र संवाददाता




**धनबाद :** मंगलवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान, जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत के प्रथम राष्ट्रपति, भारतरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने डॉ राजेंद्र बाबू के तैल-चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर उनके विशद व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन-चरित्र से सीख लेने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र बाबू निसंदेह आधुनिक भारत के निर्माता थे। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और संविधान निर्माण में उन्होंने अतुलनीय भूमिका निभाई। वे देश के प्रति सदैव समर्पित रहे और उनकी सोच भारत को मजबूत बनाने के साथ-साथ स्वतंत्र और पूरी दुनिया के देशों में भारत सबसे आगे की अग्रसर हो। इनके द्वारा देश को एकता और भाईचारे को एक सूत्र में बांधने का प्रयास काफी अनुकरणीय रही है। उनका सादा जीवन और उच्च विचार के सिद्धांत पर आधारित उनका जीवन देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। आज हम सभी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने की दरकार है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से योगेन्द्र सिंह योगी, लक्ष्मण तिवारी, राजेश्वर सिंह यादव, सीता राणा, जाहिर अंसारी, पप्पू पासवान, पप्पु सिंह, पप्पु कुमार तिवारी, प्रसाद नीधि, बब्लु दास,रामचन्द्र शर्मा, प्रदीप पांडे, अजय कुमार, मो.असद कलीम, प्रितम रवानी, अनिल सिंह, सिकंदर-ए-आलम, अरविंद सैनी, निवारण महतो, सोनी सिंह, नुतन कुमारी, सोनी कुमारी,रवि दत्ता, विशाल चौधरी,प्रेमचंद कुमार, मो.अजहरुद्दीन, गोविंद नारायण सिंह, मंजूर आलम, सुजीत कुमार, आबिद अंसारी, जितेंद्र कुमार बिंद,सूरज झा, उत्तम शर्मा, संजय राम, कुलदीप प्रमाणिक, विकी कुमार राम सहित दर्जनों कांग्रेसजन मौजूद थे।

## प्रखंड के कई क्षेत्रों में दिखे मनमोहक पलास के फूल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** आमतौर पर केसरिया पलाश भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाया जाता है लेकिन पीले पलाश के फूल बहुत कम देखने को मिलते हैं। ऐसा ही एक पेड़ बेंगाबाद के कई क्षेत्रों में पर देखा गया है। पलाश को टेसू, खाकरा, रक्तपुष्प, ब्रह्मकलश, किंशुक आदि कई नामों से जाना जाता है। इसका वानस्पतिक नाम बुटिया मोनोस्पर्मा है और यह झारखंड का राजकीय पुष्प है। झारखंड के जंगलों में इन दिनों पलाश के फूल देखने को मिल रहे हैं। आदिवासी संस्कृति में इन फूलों का बड़ा महत्व है। इस समय जो भी इन फूलों को देखता है या इन रास्तों से गुजरता है वह यहां रहना चाहता है। क्योंकि इन्हें देखकर ऐसा लगता है मानो धरती पर इससे खूबसूरत कुछ और हो ही नहीं सकता। ये फूल शुरू होते ही दिखने लगते हैं। आदिवासी लड़कियां इन फूलों को अपने जोड़े में लगाकर सजाती हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इस फूल का विशेष महत्व होता है। परंपरा यह है कि महिलाएं इसे तब तक अपने स्थान पर नहीं रखती हैं जब तक कि उस स्थान पर स्पष्ट रूप से पलाश के फूल की पूजा न हो जाए। पहाड़ी क्षेत्रों में प्रमुखता से पाए जाने वाले केसरिया पलाश के फूलों से होली के रंग बनाए जाते हैं। ग्रामीण पलाश के पत्ते, डंठल, छाल, फली, फूल और जड़ों का उपयोग विभिन्न रोगों के उपचार के लिए करते हैं। प्राचीन काल से इसकी पत्तियों का उपयोग थाली और कटोरी बनाने में किया जाता रहा है।

## होली के अवसर पर डिब्रूगढ़-न्यू जलपाईगुड़ी-गोरखपुर के बीच तथा डॉ. अम्बेडकर नगर-पटना के मध्य स्पेशल ट्रेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेषल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में डिब्रूगढ़/न्यूजलपाईगुड़ी-गोरखपुर तथा डॉ. अम्बेडकर नगर-पटना के मध्य स्पेषल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी संख्या 05978/05777/ 05778/ 05977 डिब्रूगढ़-गोरखपुर-न्यू जलपाईगुड़ी-गोरखपुर-डिब्रूगढ़ स्पेशल (हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-बरौनी-कटिहार के रास्ते)-(प) गाड़ी संख्या 05978 डिब्रूगढ़-गोरखपुर स्पेषल डिब्रूगढ़ से दिनांक 02 एवं 09 मार्च, 2023 (गुरूवार) को 19.25 बजे खुलकर शुक्रवार को 23.00 बजे समस्तीपुर एवं शनिवार को 01.15 बजे हाजीपुर रूकते हुए 07.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी । (पप) गाड़ी सं. 05777 गोरखपुर-न्यू जलपाईगुड़ी स्पेशल गोरखपुर से दिनांक 04 एवं 11 मार्च, 2023 (शनिवार) को 17.00 बजे खुलकर 22.15 बजे हाजीपुर रूकते हुए को रविवार को 11.00 बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी ।

(पपप) गाड़ी सं. 05778 न्यू जलपाईगुड़ी-गोरखपुर स्पेषल न्यू जलपाईगुड़ी से 06 एवं 13 मार्च, 2023 (सोमवार) को 15.00 बजे खुलकर मंगलवार को 01.15 बजे हाजीपुर रूकते हुए 06.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। (पअ) गाड़ी सं. 05977 गोरखपुर-डिब्रूगढ़ स्पेषल 07 एवं 14 मार्च, 2023 (मंगलवार) को गोरखपुर से 07.50 बजे खुलकर 12.20 बजे हाजीपुर रूकते हुए बुधवार को 21.15 बजे डिब्रूगढ़ पहुंचेगी ।

2. गाड़ी संख्या 09343/09344 डॉ. अम्बेडकर नगर-पटना-डॉ. अम्बेडकर नगर सुपरफास्ट स्पेषल (इंदौर-बीना-सतना-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू के रास्ते)- गाड़ी सं. 09343 डॉ. अम्बेडकर नगर-पटना सुपरफास्ट स्पेषल दिनांक 03, 10 एवं 17 मार्च, 2023 (शुक्रवार) को डॉ. अम्बेडकर नगर से 05.05 बजे खुलकर अगले दिन 04.00 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 09344 पटना-डॉ. अम्बेडकर नगर सुपरफास्ट स्पेषल दिनांक 04, 11 एवं 18 मार्च, 2023 (षनिवार) को पटना से 07.20 बजे खुलकर अगले दिन 06.15 बजे डॉ. अम्बेडकर नगर पहुंचेगी ।


## जीवन जीने का अंदाज बदल देगा 5 जी : आकाश अंबानी

**नई दिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि 5जी टेक्नोलॉजी भारतीयों के जीवन जीने के अंदाज को बदलने की ताकत रखता है। वे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित एक 'पोस्ट बजट वेबिनार' में बोल रहे थे। मंगलवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वेबिनार का उद्घाटन किया। आकाश अंबानी ने जियो के ट्रू 5जी नेटवर्क लॉन्च को दुनिया का सबसे बड़ा 5जी रोलआउट करार दिया। मात्र 5 महीने के भीतर जियो ने 40 हजार के करीब टॉवर साइट्स पर 2.5 लाख 5जी सेल्स लगा दिए हैं। रिलायंस जियो के इस बड़े इंफ्रा पर सवार कंपनी की सर्विस 277 शहरों में पहुंच गई है। आकाश अंबानी ने दावा किया कि 2023 तक रिलायंस जियो की ट्रू 5जी सर्विस हर ताल्लुका, हर शहर और हर गांव में मिलने लगेगी। 5जी टेक्नोलॉजी का विभिन्न क्षेत्रों में इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है और उसका हमारी जिंदगी पर क्या असर पड़ेगा इस पर आकाश अंबानी ने काफी विस्तार से बात की। हेल्थ, एजुकेशन, एग्रीकल्चर, गेमिंग से लेकर स्मार्टसिटी में 5जी के उपयोग बताए। आकाश अंबानी ने कहा कि देश 5जी का फायदा उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है।



## सरकारी अस्पताल में मां के पास सो रहे मासूम को कुत्तों ने नोच खाया

**सिरोही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकारी अस्पताल में अपनी मां के पास सो रहे एक महीने के बच्चे को कुत्ते उठाकर ले गए। कुत्ते मासूम का पेट और एक हाथ नोंचकर खा गए, जिससे उसकी मौत हो गई। कुत्ते बच्चे का एक हाथ उसकी मां के सामने ही नोंचकर ले गए। सिरोही के पिंडवाड़ा में रहने वाले महेंद्र मीणा (40) को सिलिकोसिस बीमारी है। महेंद्र का टीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सोमवार रात उसके बेड के पास नीचे फर्श पर उसकी पत्नी रेखा एक बेटी और दो बेटों को लेकर सो रही थी। वार्ड में घूम रहे आवारा कुत्ते उसके एक महीने के बेटे विकास को उठाकर ले गए। रात करीब 1:30 बजे रेखा की नींद खुली तो बच्चा गायब था। फौरन बच्चे को ढूंढना शुरू किया। बच्चे की तलाश शुरू की गई तो वार्ड के बाहर पानी की टंकी के पास कुछ कुत्ते उसे नोंचते दिखे। महिला दौड़कर वहां गई तब तक एक कुत्ता बच्चे का हाथ मुंह में दबाकर भाग गया। कुत्तों ने उसे नोंच-नोंचकर मार डाला था। जहां कुत्ते बच्चे को नोंच रहे थे, वहां जब तक उसकी मां पहुंची, तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। कार्यवाहक प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र महात्मा ने बताया कि घटना की पूरी जांच कराई जाएगी कि किन कारणों के चलते ऐसा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया, फिर मंगलवार को अंतिम संस्कार कराया। जिला प्रशासन की तरफ से गठित मेडिकल बोर्ड के प्रभारी डॉ. शक्ति सिंह ने बताया कि बच्चे का सिर, एक हाथ और दो पैर बचे थे। उसका पेट और एक हाथ नहीं था। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय भाजपा नेता अस्पताल पहुंचे और अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गए। वे परिवार को मुआवजा और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन पूरी तरह से फेल है। अस्पताल में कुत्तों के झुंड के झुंड घूम रहे हैं, यहां कोई भी सुविधा नहीं है। मुख्यमंत्री और यहां के स्थानीय विधायक कहते हैं कि हमने अस्पतालों को बदल दिया है। एक बच्चे को कुत्ते मार डालते हैं तो व्यवस्था कहां है? भाजपाइयों ने अस्पताल और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सिरोही विधायक संयम लोढ़ा ने राजस्थान विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया है। उन्होंने घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित मां को सरकारी नौकरी और 10 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। विधायक ने इस घटना को मानवता को शर्मसार करने वाली घटना करार दिया है। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी अश्वनी मौर्य ने बताया कि रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक सभी दरवाजे बंद रहते हैं। वार्ड के भी दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। ऐसे में वार्ड के बाहर निकलने और वार्ड में वापस आने वालों की गलती है। उन्होंने दरवाजा खुला छोड़ दिया। वार्ड में भर्ती मरीज के परिजन अगर वार्ड के अंदर से दरवाजा बंद रखते तो यह घटना नहीं होती।



# आतंकवाद के खिलाफ अमेरिकी सरकार की रिपोर्ट में भारत की तारीफ

एजेंसी

**वॉशिंगटन :** भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ बेहतरीन काम किया है। अमेरिकी सरकार की एक रिपोर्ट में ऐसा दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने आतंकवादी संगठनों को पहचानने, उन्हें तबाह करने और आतंकवाद के खतरे को कम करने की दिशा में शानदार काम किया है। अमेरिका के ब्यूरो ऑफ काउंटर टेररिज्म की रिपोर्ट %कंट्री रिपोर्ट्स ऑन टेररिज्म 2021¬ भारत% के अनुसार, भारत में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर, उत्तर पूर्वी राज्य, मध्य भारत के कुछ इलाके आतंकवाद प्रभावित हैं। रिपोर्ट के अनुसार, लश्कर ए तैयबा, जैश ए मोहम्मद, हिज्बुल मुजाहिदीन, आईएसआईएस, अल कायदा, जमात उल मुजाहिदीन, जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश जैसे आतंकी संगठन सक्रिय हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2021 में ऐसा देखा गया कि आतंकी संगठनों ने अपनी रणनीति में थोड़ा बदलाव किया है और अब वह आम नागरिकों को निशाना बना रहे हैं और ड्रोन और आईईडी आदि से विस्फोट कर रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि साल 2021 में जम्मू कश्मीर में 153 आतंकी हमले हुए, जिनमें 45 सुरक्षाबल के जवानों के बलिदान, 36 आम नागरिकों और 193 आतंकियों समेत कुल 274 लोगों की मौत हुई। रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में भारत में आतंकवाद प्रभावित क्षेत्र में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। भारत ने राज्य और केंद्र के स्तर पर खूफिया एजेंसियों को मजबूत किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत ने बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए एंट्री पर बायोग्राफिक और बायोमीट्रिक स्क्रीनिंग की व्यवस्था की है। एयरपोर्ट्स पर दोहरी जांच के लिए उद्देश्य से एक्सरे स्क्रीनिंग की गई है। भारत की जांच एजेंसी एनआईए ने हथियारों की तस्करी के आरोप में लश्कर ए तैयबा, हरकत उल जिहादी इस्लामी के आतंकियों को सजा दिलाई है। एनआईए ने सितंबर 2021 में आईएसआईएस से संबंधित 37 मामलों की जांच की है और 168 लोगों को गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र है कि किस तरह से भारतीय सेना आतंकवाद प्रभावित जम्मू कश्मीर में लोक कल्याणकारी कामों में लगी है। इनमें स्कूल चलाना, मेडिकल कैंप लगाना और युवाओं को ट्रेनिंग देने समेत उन्हें रोजगार दिलाने जैसे काम शामिल हैं, जिससे युवाओं को कट्टरपंथी बनने से रोका जाए।



# दुनिया के सबसे अमीर शख्स बने ऐलन मस्क

एजेंसी

**नई दिल्ली :** टेस्ला और ट्विटर के सीईओ एलन मस्क एक बार फिर से दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। मस्क ने ये मुकाम लक्जरी गुड्स कंपनी एलएमवीएच के मालिक बर्नार्ड अरनॉल्ट को पछाड़कर हासिल किया है। फिलहाल मस्क की संपत्ति 187 अरब डॉलर पहुंच गई है। 185 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ अरनॉल्ट की अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं।ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में मस्क की संपत्ति में 6.98 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और 2023 की शुरुआत से अब तक उनकी संपत्ति में 50.10 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, अरनॉल्ट की संपत्ति में पिछले 24 घंटों में 3.69 अरब डॉलर और 2023 की शुरुआत से अब तक 23.30 अरब डॉलर बढ़ी है। पिछले साल दिसंबर में फ्रांसीसी अरबपति अरनॉल्ट ने मस्क को पछाडकर दुनिया के नंबर वन अमीर व्यक्ति बन गए थे और मस्क पिछले दो महीने से दूसरे स्थान पर बने हुए थे। बता दें, पिछले साल टेस्ला के शेयर में गिरावट आने के कारण मस्क को 200 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था। इसे इतिहास में किसी कारोबारी की संपत्ति में आई अब तक की सबसे बड़ी गिरावट माना जाता है। मस्क की संपत्ति बढ़ने का सबसे बड़ा कारण उनकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के शेयर में तेजी होना है।

टेस्ला के शेयर में पिछले 24 घंटे में 5.46 प्रतिशत, एक महीने में 24.58 प्रतिशत और 2023 की शुरुआत से 92.07 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।मार्केट कैप के हिसाब से देश की सबसे बड़ी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी दुनिया के अमीरों की सूची में 10 वें नंबर पर बने हुए हैं।

# ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन में हुआ दर्ज

## इंटरनेशनल लाइफ सेवर अवार्ड से भी नवाजा गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन द्वारा स्मृति चिन्ह, मेडल एवं पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट व अंतरराष्ट्रीय संस्था निफा द्वारा इंटरनेशनल लाइफ़सेवर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्व एन जी ओ दिवस के अवसर पर नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम आफ आर्टिस्ट एंड एक्टीविस्ट (निफा) द्वारा दिनांक 26-27 फरवरी 2023 को दानवीर कर्ण की भूमि करनाल के डॉक्टर मंगल सेन ओडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान पर राष्ट्रीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में दिया गया। उक्त समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर जी द्वारा किया गया। शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के 90वें शहादत दिवस पर निफा द्वारा आयोजित संवेदना अभियान के तहत एक ही दिन में पूरे भारत वर्ष में रक्तदान शिविरों का आयोजन कर कुल एक लाख तीन हजार (103000) यूनिट रक्तदान कराकर नया इतिहास रचा। निफा के इस महान और एतिहासिक अभियान को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में शामिल किया गया। इस अभियान के तहत ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा ने भी बोकारो शहर में रक्तदान शिविर आयोजित कर 123 यूनिट रक्तदान कराकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, हरियाणा के अलावा एम पी संजय भाटिया, चिफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट करनाल जसबीर कौर, आई पी एस शिवांश कबिराज जेल सुपरिटेंडेंट, पूर्व एडीजीपी वी कमराजा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। ब्लड मैन सलूजा ने कहा कि यह सम्मान भले ही मुझे मिला है लेकिन यह बोकारो के सभी रक्तदाताओं का सम्मान है। यह सम्मान मैं अपने उन सभी रक्तवीरों और रक्तवीरांगनाओं को समर्पित करता हूं जिन्होंने हर परिस्थिति में मुझे सहयोग किया और निष्काम एवं निस्वार्थ रक्तसेवा कर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन तक का सफर मेरे साथ तय किया।




### साउथ की रीमेक नहीं रही अब सक्सेस की गारंटी, शहजादा और सेल्फी का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल है सबूत

# रीमेक के मामले में भी बॉलीवुड खा रहा गच्चा

**साल 2023 के पहले दो महीने बॉलीवुड के लिए अच्छे नहीं रहे हैं. सिर्फ शाहरुख खान की पठान को छोड़कर अधिकतर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर नाकाम रही हैं. बॉलीवुड जिन साउथ फिल्मों के रीमेक बना रहा है, वह दर्शक नकार दे रहे हैं**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** एक दौर था जब साउथ फिल्मों की रीमेक को बॉलीवुड में सफलता की गारंटी माना जाता था. फिर सलमान खान की वॉन्टेड और अक्षय कुमार की राउडी राठौर और अजय देवगन की सिंघम भी साउथ की ही रीमेक थीं, जिन्होंने इन बॉलीवुड सितारों की तकदीर को ही बदलकर रख दिया था. लेकिन अगर पिछले कुछ समय के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो साउथ की हिंदी रीमेक अब सफलता की गारंटी नहीं रही है. अब ऐसा नहीं है कि साउथ की सुपरहिट फिल्म को हिंदी में बनाओगे और हिट जाओगे. तभी तो कार्तिक आर्यन और अक्षय कुमार की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही हैं. फिल्म एक्सपर्ट मानते हैं कि साउथ की फिल्में अपने अलग विषयों की वजह से दर्शकों को खूब पसंद आ रही हैं. फिर उन्हें हिंदी में भी रिलीज किया जा रहा है. जिस वजह से दर्शक उन्हें खूब पसंद कर रहे हैं. लेकिन जब वही फिल्में हिंदी में बनती हैं तो उस तरह का ट्रीटमेंट उनके साथ नहीं हो पाता है. फिर बॉलीवुड टच की वजह से यह फिल्में दर्शकों के दिलों में उतरने से चूक जाती हैं. और तो और ओटीटी प्लेटफॉर्मों के आने से भी बड़ा असर पड़ रहा है. कंटेंट की भरमार हो चुकी है और दर्शकों के पास अब ढेरों ऑप्शन मौजूद हैं. ऐसे में वह उस तरह के कंटेंट से दूरी बनाकर रखते हैं जो उनमें किसी तरह का उत्साह जगाता हो. साउथ की आने वाली फिल्मों पर नजर डालें तो विषय और ट्रीटमेंट की वजह से भी वह एकदम अलग हैं. जबकि बॉलीवुड में अब भी रटे-रटाए विषयों पर ही फोकस किया जा रहा है. साल 2022 में अगर साउथ की फ्लॉप रीमेक फिल्मों की बात करें तो उसमें अक्षय कुमार की बच्चन पांडे, विक्रम वेधा, जर्सी, हिट द फर्स्ट केस और निकम्मा जैसी फिल्में के नाम आते हैं. जबकि 2023 की शहजादा और सेल्फी बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो चुकी हैं.




# बदनसीबी : 22 सालों में भी बेहतर राजधानी नहीं बन सकी रांची

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची :** जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियां जोर शोर से चल रही है।देश सहित दूसरे देशों से भी कई गणमान्य अतिथि गण झारखंड की राजधानी रांची में 1 से 3 मार्च 2023 तक रहेंगे। इसको लेकर रांची नगर निगम, जिला प्रशासन न सिर्फ विधि व्यवस्था बल्कि साफ सुथरा , शहरों का रंग रोगन सहित खूबसूरत रांची बनाने में जुटी हुई । ठीक उसी तरह जिस तरह 2011 में 34वें नेशनल गेम के दौरान बेहतर और रमणीक रांची बनाने के लिए जिला प्रशासन, रांची नगर निगम, खेल विभाग तत्पर थी।इसी दौरान रांची शहर के मुख्य चौक -चौराहों पर ट्रैफिक लाइटें लगाई गई थी, कई जगहों पर यात्रियों के बैठने के लिए यात्री सेड की भी व्यवस्था की गई थी। सड़कों का चौड़ीकरण हुई थी, फुटपाथ लेन बनाए गए थे, ताकि आमजन पैदल चल सके । विभिन्न चौक -चौराहों के पास ऑटो स्टैंड सहित वाहनों के लिए पड़ाव की भी व्यवस्था की गई थी। वर्तमान की रांची शहर का मुआयना करके देख लें की क्या स्थिति है ? कहने का तात्पर्य यह है कि झारखंड बने 22 साल गुजर चुकी है।इन 22 सालों में राजधानी रांची को हम बेहतर बनाने में असफल रहे। सांसद, स्थानीय विधायक, पथ निर्माण विभाग, परिवहन विभाग,नगर आयुक्त, महापौर, उपमहापौर, वार्ड पार्षद, ट्रैफिक एसपी, ट्रैफिक डीएसपी और ट्रैफिक पुलिस ,ऑटो संघ,बस स्टैंड मालिक, ठेकेदार, हांकर व आमजन भी कहीं न कहीं रांची को बेहतर, रमणीक और जाम मुक्त बनाने में असफल साबित हुए। हम सब एक दूसरे को सहयोग करने के बजाए अपने हठ पर डटे रहे, नतीजा आज सबके सामने है। प्रभात मंत्र के लिए वरीय संवाददाता परवेज कुरैशी ने रांची नगर निगम क्षेत्र का मुआयना करने के बाद यह रिपोर्ट तैयार की है।

### असफल इंफोर्समेंट टीम

मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार में रांची नगर निगम द्वारा इंफोर्समेंट टीम गठित की गई थी । पुलिस के जूते से लेकर वर्दी तक इसे मुहैया कराई गई थी , ताकि रांची नगर निगम क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने में सहयोग प्रदान करेंगे। यह लोग अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाते हैं लेकिन क्या स्थिति में अब तक कुछ बदलाव आई है , सुबह फुटपाथ से दुकानें हटाते हैं,शाम को फिर सज जाता है। इसके अलावा उल्टे कुछ इंफोर्समेंट टीम पर अवैध वसूली का आरोप भी महापौर डॉ आशा लकड़ा द्वारा लगाया जा चुका है, असफल इंफोर्समेंट टीम है। सबसे हैरत की बात यह है कचहरी चौक नजदीक अटल वेंडर मार्केट बनाकर कुछ फुटपाथ दुकानदारों को दुकान दिया गया, लेकिन बताया गया कि कुछ वेंडर मार्केट में दुकान चला रहे हैं और अपने रिश्तेदारों को उसी अल्बर्ट एक्का के आस-पास फुटपाथ दुकान लगाने के लिए छोड़ दिया है।

### बिना वर्दी के ऑटो चालक

कई यातायात एसपी आए और गए कई बार ऑटो संघ के साथ बैठकें की लेकिन स्थिति नहीं सुधरी । यहां तक कि ऑटो संघ ने तो पूर्व के यातायात एसपी तक पैसे पहुंचाने की शिकायत कर चुके थे, लेकिन आज तक न तो ऑटो चालक अपने ऑटो को लाइन से लगाते हैं, न चालक वर्दी पहनते हैं, ऑटो के दाहिने साइड से उतार चढ़ाव आज भी जारी है, फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था कुछ ऑटो में ही मिलेगी।

### एक ही मार्ग पर कई ऑटो

रांची शहर में जाम की स्थिति का सबसे बड़ा कारण है कि एक ही मार्ग पर एक साथ कई ऑटो चलाए जा रहे हैं। डीजल प्यागो, सीएनजी प्यागो, पैट्रोल ऑटो, सीएनजी ऑटो, ई रिक्शा, पैडल रिक्शा के अलावा मालवाहक ऑटो एवं निजी वाहनें तो चल ही रही है, जो जाम की स्थिति बन गई है।

### साफ सफाई नदारद

इतना ही नहीं रांची नगर निगम द्वारा विभिन्न वार्ड क्षेत्रों के गली ,मोहल्ले, मॉल, दुकान , रेस्टोरेंट आदि की साफ सफाई की व्यवस्था कराई जाती है, लेकिन ऐसे भी कई गली, मोहल्ले चौक -चौराहे मिल जाएंगे, जहां पर कचरे का अंबार लगा मिल जाएगा। कचरा उठाने वाले वाहन दिनभर मेन रोड और इसके आसपास की सड़कों पर घूमते मिल जाएगी और सड़कों पर कचरा भी गिराते दिख जाएगी।

### इधर-उधर खड़ी रहती है वाहनें

रांची नगर निगम द्वारा स्थाई पड़ाव बनाए गए हैं, जहां पर मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था है। बावजूद इसके ऐसे कई जगह मिल जाएंगे, जहां पर अवैध रूप से ऑटो, मोटरसाइकिल, चार पहिया वाहनें खड़ी मिल जाएगी। मुख्य रूप से अपर बाजार और डेली मार्केट के साथ-साथ संेट जेवियर कॉलेज के सामने, सदर अस्पताल के सामने, कांटा टोली चौक से यूनियन बैंक तक, हाईकोर्ट के पीछे की तरफ, उर्दू लाइब्रेरी , कर्बला चौक, लालजी हिरजी रोड, रातू रोड, डांगरा टोली, रेडियम रोड में भी कुछ ऐसी स्थिति मिल जाएगी, रिम्स रोड ,कोकर , लालपुर के पास भी । सड़क के किनारे, दुकान, मॉल के सामने वाहन खड़ी मिल जाएगी, जो जाम का कारण बनती है।



### पथ निर्माण विभाग लापरवाह

रांची नगर निगम क्षेत्र में सड़कों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है । नाली खुदाई, सड़क निर्माण, विभिन्न कंपनियों के पाइप,वायर आदि के लिए खोदे जा रहे गड्ढे और फिर उन गड्ढे को जैसे-तैसे भर देना, जो दुर्घटना को आमंत्रित करती है । कई दुर्घटनाएं घट चुकी हैं। ऐसे सड़कों पर पथ परिवहन विभाग की कोई निगरानी नहीं रहती है और न ही इस पर विशेष ध्यान देती है। जहां ओवरब्रिज का निर्माण हो रहा है, इसके आस-पास की सड़के काफी खराब हो रही है। चाहे वह कांटाटोली रातू रोड हो या फिर अभी राजेंद्र चौक के आसपास की बात हो, छोटे छोटे पत्थर के टुकड़े बिखरे पड़े मिलेंगे, इससे दो पहिया वाहनों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है।

### परिवहन विभाग बेपरवाह

इतना ही नहीं शहर के बीचोबीच ओवरब्रिज के नजदीक सरकारी बस डिपो, पर्यटन विभाग की बसें, खादगढ़ा बस स्टैंड से निकलने वाली बसें अपने स्टैंड से सवारी उठाते- उठाते खादगढ़ा बस स्टैंड से लेकर यूनियन बैंक, लोवाडीह चौक, कोकर चौक तक मिल जाएगी। बस डीपो से बहु बाजार रोड तक सवारी उठाते नजर आ जायेगी। ऐसी वाहनों को जिला परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा नजरंदाज किया जाता है।

### आम आदमी का फुटपाथ नहीं

एक बार झारखंड हाईकोर्ट ने यह पूछा था कि आम व्यक्ति के पैदल चलने के लिए फुटपाथ कहां है? कचहरी चौक से शहीद चौक ,शहीद अल्बर्ट एक्का चौक से उर्दू लाइब्रेरी होते हुए ओवरब्रिज तक पहुंच जाएं सड़क के दोनों ओर फुटपाथ बनाए तो गए हैं, लेकिन इस फुटपाथ पर पैदल चलने के लिए शायद ही व्यवस्था हो, दोनों ओर अतिक्रमण कर लिया गया है, छोटी- छोटी दुकाने,ठेला खोमचा, टेबल लगाकर फुटपाथ पर कब्जा कर लिया गया है, कई बार अतिक्रमण चलता है लेकिन फिर से दुकानें सज से जाती है।

### कैसे बने सुन्दर रांची

सुधार के लिए रांची नगर निगम, जिला प्रशासन, परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस को सख्त होना होगा और नियम तोड़ने पर कड़ाई के साथ कार्रवाई करनी होगी।15 साल पुराने वाहनों को जब्त किया जाए। ई-रिक्शा और पैडल रिक्शा को गली मोहल्ले वाले रोड पर चलाने के निर्देश दिया जाए। डीजल प्यागों, सीएनजी प्यागो को लंबी रूट करी पच्चीस किलोमीटर और पेट्रोल व सीएनजी ऑटो को कम से कम पंद्रह किलोमीटर दूरी तय करने की अनुमति दी जाये।ट्रैफिक लाईटों को सुधार, जेब्रा क्रॉसिंग बनाई जाये,तय गतिसीमा पर वाहन चलायी जाए,जगह जगह वाहन संबंधित सूचना पट लगाई जाए, यात्री सेड निर्माण, फुटपाथ पर दुकानें,ठेला खोमचा न लगाने दें,ऑटो चालक वर्दी पहने, दाहिने तरफ से सवारी उतार-चढ़ाव न करायें और नंबर सिस्टम से ही चले,प्रिपेड ऑटो ही सभी मार्गो पर चले, निर्धारित मार्ग पर ही ऑटो वाहनें चलायी जाएं। पथ निर्माण विभाग और गड्ढे खोदने वाली कंपनी आपस में समन्वय बनाकर काम करें,शहीद अल्बर्ट एक्का चौक स्थित से ठेला खोमचा आदि दुकानों को हटा कर सुन्दर चौक बनाए।

### अब तक सिर्फ हेलमेट अभियान रहा सफल

अक्टूबर 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार में तत्कालीन यातायात एसपी संजय रंजन, नारद मुनि बने परवेज कुरैशी, चिंटू उर्फ अंकुर सिन्हा, आकाश सिंह टीम द्वारा यातायात सुरक्षा जागरूकता अभियान निशुल्क चलाया गया था, जिसमें नारद मुनि ने लोगों से सीट बेल्ट लगाने और हेलमेट पहनाकर मोटरसाइकिल चलाने की अपील किया था ,यही अभियान सफल रहा आज लगभग 95 प्रतिशत लोग हेलमेट पहनकर ही मोटरसाइकिल चला रहे हैं।

### गली मुहल्ले में सड़क के किनारे वाहनें

रांची नगर निगम के कई ऐसे वार्ड क्षेत्र हैं, जिसकी संकीर्ण गलियां है । इन गलियों में जब आप पर रात को भ्रमण करने जाएंगे, तो देखेंगे कि मकान मालिक अपने दो पहिया, चार पहिया और तीन पहिया वाहनों को सड़क के किनारे नाली के ऊपर बेतरतीब तरीके से खड़ी करके रखते हैं । यदि रात में किसी को कोई परेशानी पड़ गई और एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड की जरूरत पड़ गई तो इन गलियों में जाना मुश्किल हो जाएगी,ऐसी गलियों से निगम, ट्रैफिक पुलिस सभी बेखबर हैं।

### चौक चौराहों की स्थिति बदहाल

रांची नगर निगम क्षेत्र के बूटी मोड चौक, राजभवन के आसपास, रातू रोड किशोरी यादव चौक, बिरसा चौक, डोरंडा कॉलेज के आसपास, संेट जेवियर कॉलेज के पास,रांची रेलवे स्टेशन, कांटा टोली चौक, कोकर चौक, लालपुर चौक, अपर बाजार , डेली मार्केट, काली मंदिर रोड, ओवर ब्रिज,शहीद अल्बर्ट एक्का चौक सभी जगहों का मुआयना कीजिए देखिए ठेला खोमचा, ऑटो चालक अपने ऑटो को किस तरह से लगाकर रखते हैं। करीब 12 फीट से अधिक चौड़ी सड़कों की चौड़ाई मुश्किल से 5 फीट में सिमट जाती है, इसी पर मोटरसाइकिल, फोर व्हीलर वाहन और आम पब्लिक भी इसी पर चलने को मजबूर हैं।